26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 27 दिसम्बर, 2025

अंक- 64 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुयी भाजपा

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है। हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पार्टी के मीडिया सेल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 60 वर्ष के हुये सलमान खान



**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )**। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता सलमान खान आज 60 वर्ष के हो गये। 27 दिसंबर 1965 को मुंबई में जन्में सलमान खान का मूल नाम अब्दुल राशिद सलीम सलमान खान है और उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने पटकथा एवं संवाद लेखक हैं। सलमान ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म 'बीबी हो तो ऐसी' से की। इस फिल्म में उन्होंने छोटी सी भूमिका निभायी थी।वर्ष 1989 में सलमान को राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'मैंने प्यार किया' में काम करने का अवसर मिला। युवा प्रेम कथा पर आधारित इस फिल्म में सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

## कुख्यात विनय त्यागी की उपचार के दौरान मौत, बदमाशों ने मारी थी गोली

ऋषिकेश ( एजेंसी/चिंगारी )। एम्स ऋषिकेश में भर्ती कुख्यात विनय त्यागी की उपचार के दौरान आज घटना के तीसरे दिन मौत हो गई। उसका ट्रॉमा सेंटर मे उपचार चल रहा था। पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेशी पर जाते समय बदमाशों ने पुलिस के वाहन पर फायरिंग की थी। इस दौरान विनय त्यागी के सीने, हाथ और गले में गोली लगी थी। एम्स के पीआरओ श्रीलॉय मोहंती ने विनय त्यागी की मौत की पुष्टि की है। वारदात बुधवार की दोपहर करीब एक बजे लक्सर-हरिद्वार हाईवे पर ओवर ब्रिज की थी। रुड़की कारागार में बंद मेरठ निवासी कुख्यात बदमाश विनय त्यागी की धोखाधड़ी के एक मामले में लक्सर एसीजेएम कोर्ट में पेशी थी। कारागार से चालक सहित छह पुलिसकर्मी सरकारी टाटा सूमो वाहन में उसे पेशी पर लक्सर लेकर आ रहे थे। इस दौरान जब वह फ्लाई ओवर के मध्य पहुंचे तो यहां जाम के दौरान सामने वाहन होने के कारण उन्हें वाहन को रोकना पड़ा। इसी दौरान यहां पहले से घात लगाकर मौजूद बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने पुलिस के वाहन पर अंधाधुन गोलियां बरसा दी। वाहन में मौजूद विनय त्यागी को तीन गोलियां लगी, वह वाहन में ही गिर गया जबकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। इससे पहले की कोई कुछ समझ पाता बदमाश भीड़ के बीच हथियार लहराते हुए मौके से भाग निकले। प्राथमिक उपचार के बाद कड़ी सुरक्षा में घायल बदमाश को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। आरोपी दोनों शूटरों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन खानपुर थाना क्षेत्र के जंगल से गिरफ्तार किया था। कल उन्हें गैंगवार की आशंका को देखते हुए रुड़की की जगह हरिद्वार जेल में शिफ्ट किया गया था।



## ट्रंप-जेलेंस्की मीटिंग से पहले कीव पर रूस का बड़ा हमला



यूक्रेन की राजधानी कीव पर 27 दिसंबर की रात रूस ने बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यह अटैक ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच शांति वार्ता को लेकर अहम बैठक होने वाली है और युद्ध खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास तेज हैं। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने कीव पर बड़े पैमाने पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया। इस दौरान रूस ने कई किंझाल हाइपरसोनिक मिसाइलें, चार इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें और कई कैलिब्र क्रूज मिसाइलें दागीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजधानी कीव के अलावा आसपास के कीव ओब्लास्ट इलाके में भी कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। कीव से करीब 20 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित ब्रावरी शहर में हमलों के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में अंधेरा छा गया।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 28 दिसम्बर 2025**

मेष- व्यवसाय में उन्नति, स्वजनों-परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल, सुख के जरूरी साधन सुलभ, बकाए धन की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता का विकास, धनलाभ भी।

वृषभ- परिस्थितियाँ सुधार पर, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आपसी सौहार्द, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

मिथुन- ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, साहसिक प्रयास प्रगति पर, आकांक्षित सिद्धि में अनुकूलता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, मानसिक शांति, आनंद की अनुभूति, मन प्रसन्न।

कर्क- कार्यों में गतिरोध, पारिवारिक वातावरण असंतोषजनक, भौतिक सुख में न्यूनता, सहयोगियों के गतिविधियों से मानसिक तनाव, व्यर्थ भ्रमण, खर्च से परेशान, मानसिक अशान्ति।

सिंह- ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, चिन्ताएँ कुछ कम होने को, बौद्धिक क्षमता का विकास, हर्ष भी।

कन्या- योजना साकार, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, सुयश की प्राप्ति, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय, आत्मिक शान्ति।

तुला- निराशा का समापन, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, शुभसमचार मिलने से खुशी, स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित।

वृश्चिक- कार्य-व्यापार में असंतोष, योजना अधूरी, विचारों में उग्रता, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, यात्रा विफल, मित्रों-परिजनों से आपसी मदभेद, विश्वासघात से कष्ट।

धनु- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, आर्थिक लाभ, सुसमाचार की प्राप्ति, धन सम्पत्ति का मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से सामंजस्य, आय के नवीन स्रोत उपलब्ध।

मकर- विनियोजित धन का प्रतिफल, धर्म में आस्था, पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति चिंता कुछ कम, राजनीतिक पक्ष से लाभान्वित, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि।

कुम्भ- नवयोजना पर कार्यारम्भ, धनागम का मार्ग प्रशस्त, इच्छित प्राप्ति में व्यवधान समाप्त, मेल-मिलाप में रुचि, कर्ज की अदायगी का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति।

मीन- संकल्प विकल्प की स्थिति, व्यावसायिक निराशा, विश्वासघात की आशंका, स्पष्टवादिता घातक, निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, व्यर्थ भ्रमण से हानि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# अब दिल्ली से दहलेगा पाकिस्तान!

## 450 से 800 किमी. तक मार करेगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** ब्रह्मोस मिसाइल का नाम सुनते ही कांप उठता है पाकिस्तान। हिंदुस्तान की यह वो वही मिसाइल है जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के छह एयरबेस को तबाह कर डाला था। पाकिस्तान के छह एयरबेस तबाह करने वाला ब्रह्मोस रीलोडेड। ऑपरेशन सिंदूर में रेंज 300 किमी., अब 800 किमी. तक मारक क्षमता। सोचिए ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज जब 300 किमी. थी, तब इसने पाकिस्तान में इतनी तबाही मचाई थी। अब नये वर्जन में इसे 450 किमी. से लेकर 800 किमी. तक करने पर काम चल रहा है। यानी नई ब्रह्मोस मिसाइल के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 6 एयरबेस तबाह कर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आई हमारी सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का नया अवतार जल्द दुनिया के सामने होगा। इसकी रेंज, रफ्तार और प्रहार करने की क्षमता तीनों ही विकसित की जा रही हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक



अभी ब्रह्मोस की रेंज 300 किमी. है। अब इसके नये वर्जन तैयार हो रहे हैं, जिनकी क्षमता 450 किमी. से 800 किमी. तक होगी। वायुसेना के लिए इसका हल्का वर्जन भी तैयार करने में अहम प्रगति हो चुकी है। लड़ाकू विमान सुखोई एमकेआई 30 की अंडरबेली में लगाने के लिए ब्रह्मोस का ढाई टन वजनी वर्जन तैयार कर प्रोजेक्ट डिजाइन बोर्ड से आगे बढ़ गया है। इसके ग्राउंड ट्रायल की तैयारी चल रही है। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे घातक और तेज मिसाइलों में से एक है। यह दागो और भूल जाओ तकनीक पर मैक 3.0 गति से हमला करती है। दुश्मन के राडार इसे नहीं पकड़ पाते। 2016 में ब्रह्मोस एयरोस्पेस मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजीम का सदस्य बना। इसमें 35 सदस्य देश हैं। तब से ही ब्रह्मोस की रेंज 300 किमी. से बढ़ाने का काम शुरू हुआ। विश्व व्यवस्था है कि जो देश इस रिजीम के सदस्य नहीं हैं, उन्हें 300 किमी. से अधिक रेंज वाली मिसाइल तकनीक नहीं दी जा सकती है। इसीलिए ब्रह्मोस की रेंज सीमित थी। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद ब्रह्मोस की रेंज 450, 600 और 800 किमी. करने के लिए नये वर्जन का काम चल रहा है। वायुसेना के लिए ब्रह्मोस का वजन घटा रहे हैं। जमीन-समुद्र से हमला करने वाली ब्रह्मोस 3 टन वजनी होती है। वायुसेना के लिए वजन घटाकर ढाई टन लाया जा रहा है।

# जनवरी से महंगी होंगी कई कंपनियों की कारें

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। नये साल से कई कार निर्माता कंपनियों ने अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। फ्रांसीसी कार निर्माता रेनो समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली रेनो इंडिया ने नये साल पर अपने वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक संक्षिप्त बयान में बताया कि जनवरी से वह कीमतों में दो प्रतिशत की वृद्धि करेगी। मॉडलों और संस्करणों के अनुसार कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी होगी। उसने कहा है कि बढ़ रही लागत और मौजूदा वृहद आर्थिक कारकों की वजह से दाम बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। मोटर इंडिया के सूत्रों ने बताया कि कंपनी जनवरी से अपने वाहनों के दाम में तीन प्रतिशत तक का इजाफा करेगी। होंडा कार्स इंडिया के एक प्रवक्ता ने भी जनवरी से कीमतों में इजाफे की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी ने कई महीने से बढ़ रही लागत का बोझ ग्राहकों पर न डालने का प्रयास किया, हालांकि लगातार जारी दबाव के कारण जनवरी 2026 से कीमतों में बदलाव किया जायेगा। वहीं, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी बड़ी कंपनियों की तरफ से अब तक कोई घोषणा नहीं की गयी है, लेकिन अनुमान है कि दूसरी कंपनियां भी दाम बढ़ा सकती हैं।**

# नये साल में ये होंगे बदलाव

## आधार को पैन से लिंक करें



जिन लोगों का आधार कार्ड 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले बना है, उन्हें 31 दिसंबर तक उसे पैन के साथ लिंक करना है। ऐसा न करने पर पैन इनएक्टिव यानी बंद हो सकता है।

## स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरें घट सकती हैं

31 दिसंबर तक स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरों में कटौती का ऐलान हो सकता है। इसमें कुल 11 स्कीम्स शामिल है। RBI ने 5 दिसंबर को रेपो रेट 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया था, जिस वजह से इन स्कीम्स की ब्याज दर घटने का अनुमान है।

## रेपो रेट कम होने से बैंकों को पैसा सस्ता मिलता है।

इससे फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) और छोटी बचत योजनाओं की दरें घटती हैं। सरकार हर तिमाही (जनवरी, अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर) में दरों का रिव्यू करती है।

## इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया तो रिफंड अटक सकता है

अगर आपने अभी तक वित्त वर्ष 2024-25 का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल नहीं किया है तो लेट फीस के साथ 31 दिसंबर 2025 फाइल कर सकते हैं। ऐसा न करने पर नोटिस आने के साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जुर्माना भी लगा सकता है।

# सजा निलंबन आदेश कानून के खिलाफ.., कुलदीप सेंगर की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उन्नाव रेप कांड मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (SLP) दाखिल की है, जिसमें हाईकोर्ट ने दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करते हुए उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। CBI की यह याचिका हाथ लगी है, जिसमें हाईकोर्ट के फैसले को कानून के विपरीत, त्रुटिपूर्ण और पीड़िता की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। CBI ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित करते समय कानून की मंशा और POCSO एक्ट के उद्देश्य को पूरी तरह नजरअंदाज किया। एजेंसी के मुताबिक, हाईकोर्ट यह समझने में विफल रहा कि एक मौजूदा विधायक होने के नाते सेंगर सार्वजनिक विश्वास और सत्ता के पद पर था, जिससे उसकी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। CBI ने दलील दी है कि एक सिटिंग विधायक सार्वजनिक सेवक (Public Servant) होता है और उसे अपने पद की वजह से भरोसा और अधिकार प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कदाचार सिर्फ व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक भरोसे का उल्लंघन है। एजेंसी ने कहा कि हाईकोर्ट को POCSO एक्ट की व्याख्या करते हुए उद्देश्यपरक नजरिया अपनाना चाहिए था, जो कानून की मूल भावना को आगे बढ़ाता। CBI ने अपनी याचिका में यह भी स्पष्ट किया कि POCSO एक्ट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दोनों की विधायी मंशा एक जैसी है। दोनों कानूनों का उद्देश्य सत्ता, पद और अधिकार रखने वाले लोगों को उनके कदाचार के लिए जवाबदेह ठहराना है। ट्रायल कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को दोषी ठहराते समय लोक सेवक की जो परिभाषा अपनाई थी, वो भ्रष्टाचार निवारण कानून से ली गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने नजरअंदाज कर दिया। CBI ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पूरी तरह विकृत और कानून के खिलाफ है। एजेंसी के मुताबिक, हाईकोर्ट यह समझने में नाकाम रहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जनता और समाज के प्रति विशेष जिम्मेदारी रखता है। एक सिटिंग विधायक के पास मतदाताओं पर प्रभाव और अधिकार होता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सर्दी में चोरी का ख़तरा गया बढ़ क़ानून व्यवस्था करेंगे और सुदृढ़ ( पेज 7 )



# नहटौर में सड़क दुर्घटनाओं में चाचा-भतीजे सहित तीन घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों को चिकित्सक के भर्ती कराया गया। गांव सदरुद्दीन नगर निवासी दिव्यांग गौरव कुमार (35 वर्ष) पुत्र गजराज सिंह शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे अपने भतीजे चित्रांश (5 वर्ष) पुत्र कौशल को साथ लेकर अपनी तीन पहिया साइकिल से गांव के ही अड्डे पर आया था। लौटते वक्त पैजनिया रोड पर नहटौर की ओर से जा रही एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे चाचा-भतीजे घायल हो गये। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गौरव की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पीड़ित के पिता गजराज सिंह ने तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नसीरपुर बुजुर्ग निवासी भूपेंद्र (27 वर्ष) पुत्र विरेंद्र सिंह गुरुवार की देर शाम नहटौर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

# कोहरे का कोहराम, शीतलहर का सितम जारी

## काम-धंधे चौपट, खाली बैठे व्यापारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। शीतलहर के साथ कोहरे का कोहराम परेशान किये हुए है। इस बीच धूप व बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल जारी है। पारा लगातार लुढ़क रहा है। ऐसे में उन लोगों की जान पर बन आई है, जिनके पास साधनों का अभाव है। उधर, पशु-पक्षियों को भी सर्दी ने सता रखा है। आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे का कोहराम और सर्दी का सितम अभी जारी रहेगा।

भीषण सर्दी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके साथ ही काम-धंधों पर भी असर पड़ रहा है। बाजारों में ग्राहकों की कमी महसूस की जा रही है। हालांकि गर्म कपड़ों की सेल काफी बढ़ गई है। लेकिन इसका लाभ स्थायी दुकानदारों को कम और इतवार का बाजार व बुध बाजार में फड़ लगाने वालों को अधिक मिल रहा है। आम लोगों ने जरूरत का सामान इतवार व बुध बाजार से खरीद लिया है। उधर, मजदूरों को भी काम मिलना बंद हो गया है।

मौसम विज्ञान विभाग के नगीना प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ठंड और घने कोहरे का असर बना रह सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतें। मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी रखें, गति धीमी रखें और बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
Siddharth Jewellers SJ
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
• बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
• आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
• नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
• काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
• पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
• कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

Hero VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025
10,000 रुपये तक का फायदा

आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे या बुरी...**

## वास्तविक मुद्दों से भटकती राजनीति

देश की वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने के लिये सरकार और भारतीय जनता पार्टी और संघ व उनके समर्थक हिन्दूवादी संगठन लाख जतन कर रहे हैं। उधर, विपक्ष भी जनता के सही मुद्दों को उठाने में नाकाम नजर आ रहा है। विपक्ष जिन मुद्दों को उठाता है, चुनाव में जनता उन्हें खारिज कर देती है। इसका मतलब है विपक्ष जनता की नब्ज पर हाथ नहीं रख पा रहा। इसके चलते वास्तविक मुद्दे उपेक्षित हैं तथा भावात्मक मुद्दों और निहित स्वार्थों के इर्द-गिर्द सारा विमर्श घिरा हुआ है। एक बड़ा मुद्दा है अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई। उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण नीतियों के दो दशक बाद आज देश की राजनीति को फिर से आम आदमी के पक्ष में ले जाने की आवश्यकता पहले के किसी समय से अधिक अनुभव हो रही है, लेकिन विडम्बना है कि सत्तापक्ष के साथ-साथ देश का विपक्ष भी जनता के मुद्दों को ठीक से नहीं उठा पा रहा। जब देश की आजादी के 70 साल बाद यह सवाल उठे कि आखिर यह देश किसका है, कार्पोरेट घरानों का, बिल्डरों का, नौकरशाहों का, भ्रष्ट नेताओं का या देश की आम जनता का जो अपनी जिन्दगी के लिए संघर्ष कर रही है? तब राजनीतिक सुधार की आवश्यकता सिर चढ़ कर बोलती है। जब बाजार बेलगाम हो जाये, आम आदमी के इस्तेमाल की सभी चीजों के दाम आसमान छूने लगें, देशी-विदेशी पूंजीपति अपने लाभ के लिए सरकारों पर दबाव डालने लगें, मीडिया जनता के असली सवाल उठाने के बजाये शिगूफेबाजी और हिन्दू-मुसलमान करने में लग जाये, टीवी चैनल चुडैलों-नागिनों की फर्जी कहानियां और ग्लेमर की रंगीनियों में फंसाने लगें और राजनीति का उदेदश्य केवल येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचना रह जाये तो राजनीतिक सुधार जनता के जीवन-मरण का सवाल बन जाता है। हालांकि देश की आजादी के बाद राजनीतिक सुधार के अनेक प्रयास हुए हैं, पर या तो ये ज्यादा टिकाऊ नहीं रहे अथवा इनके भी अमीरों के पक्ष में जाने में देर नहीं लगी। वर्तमान समय में राजनीतिक विकल्प की चर्चा एक बार फिर शुरू हो गई है लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी सामने आता है कि इस विकल्प के निर्धारक बिन्दु तथा उस तक पहुंचने के रास्ते क्या होंगे?

# वन्य जीवों का संरक्षण



पंकज शर्मा 'तरुण'

वन्य जीवों के प्रति लगाव, आकर्षण इंसानों का आदिकाल से ही रहा है। चाहे वह महाभारत में पांडु के द्वारा हिरण का शिकार करने का उल्लेख हो, कृष्ण को कंस के द्वारा मथुरा आगमन पर हाथी को सुरापान करवाकर कृष्ण की हत्या करने का असफल प्रयास करने का उल्लेख हो या रामायण में माता जानकी द्वारा मायावी स्वर्ण मृग के प्रति आकर्षण और इसी मृग मरीचिका में स्वयं भगवान के फंसने और सीता हरण होने का प्रसंग हो। कहीं न कहीं हर पौराणिक ग्रन्थ में वन्य जीवों के प्रति आकर्षण का उल्लेख पाया जाना इस बात का द्योतक है कि हम इंसानों का इन सुंदर जीवों के प्रति अगाध स्नेह रहा है। वर्तमान में भी हम एशिया से विलुप्त चीते को दक्षिण अफ्रीकी देशों से करोड़ों रुपए खर्च कर कूनो अभ्यारण्य और गांधीसागर अभयारण्य में बसा रहे हैं। बिगड़ते जा रहे पारिस्थितिकी तंत्र को पुन: पटरी पर लाने का भारत सरकार का यह अच्छा प्रयास है। शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि से ईश्वर द्वारा बनाई गई हमारी खाद्य श्रृंखला के टूट जाने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण उत्तर से लेकर दक्षिण तक नीलगाय जिसको अब विशेषज्ञों ने रोज, रोजड़ा या घोड़ा रोज का नाम दे दिया है, के रुप में देखा जा सकता है। आज पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ने के कारण हमारी उन्नत खेती को हमारी ही नज़रों के सामने नीलगाय के द्वारा उजाड़ते हुए खामोशी से देखने को बाध्य हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के शाजापुर, सीहोर, उज्जैन जिलों में कृष्ण मृग एवं जंगली सूअर खुले खेतों में खड़ी फसलों को चरते-रौंदते हुए देखा जा सकता है। इनके पीछे-पीछे तेंदुआ, बाघ और लकड़बग्गे, सियार, जंगली कुत्ते, इनका शिकार करने के लिए मानव बस्तियों में आने लगे हैं, जो मानव जाति के लिए अभिशाप साबित हो सकते हैं। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम में इनके शिकार करने या हानि पहुंचाने पर सख्त सजा के प्रावधानों के चलते इंसान हाथ मलते रह जाता है। हालांकि इनके द्वारा फसलों को उजाड़ने पर सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति (मुआवजा) देने का प्रावधान भी रखा गया है, मगर इसकी जटिल प्रक्रिया के चलते किसान मुआवजा राशि पाने में कम ही सफल हो पाते हैं। हाल के दिनों में असम में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा जाने से सात जंगली हाथी बेमौत मृत्यु को प्राप्त हो गए और इसी दुर्घटना में ट्रेन के इंजन और पांच बोगियां भी पटरी से नीचे उतर गईं। भले ही इस दुर्घटना में कोई जनहानि न हुई हो, लेकिन हमने अपने हाथियों को तो खोया है। जहां एक ओर सरकार इन वन्य जीवों के संरक्षण में पानी की तरह पैसा बहा रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसी क्षति आखिर क्या सिद्ध करती है? हमारी चूक या लापरवाही? हाथियों के प्राकृतिक रहवास को सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी भी तो केंद्र और राज्य सरकारों की है, तो फिर इसकी जिम्मेदारी लेने से क्यों भाग रहे हैं? पर्यावरण का यह चितेरा विशालकाय प्राणी हमारे हिन्दू शास्त्रों में प्रथम पूजनीय गणेश के रूप में पूजा जाता है। हमारे ऋद्धि-सिद्धि के प्रदाता के रूप में पूजित है। सरकारों को इनके सुरक्षित रहने के उपाय करना चाहिए, जिसमें इनके रहवास क्षेत्र में रेलवे लाइन के आसपास सुरक्षा बाढ़ लगाए या लोको पायलेट को इन क्षेत्रों में ट्रेन की गति नियंत्रित रखने के लिए निर्देशित करें, ताकि इतनी बड़ी मात्रा में हुई हानि को भविष्य में रोका जा सके। पर्यावरण मंत्रालय इस ओर ध्यान देकर उचित कदम उठाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। (विभूति फीचर्स)

# सरकारी योजनाओं के नाम पर विवाद



डा. सुधाकर आशावादी

राष्ट्रीय कल्याणकारी योजनाओं का नाम किसी परिवार या व्यक्ति विशेष के नाम पर ही क्यों रखा जाना चाहिए? यह व्यापक चर्चा का विषय है, जो विभिन्न योजनाओं के नाम बदलने से उत्पन्न हुआ है। सर्वविदित है कि किसी भी राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास के लिए समय के संग क़दमताल करना अपेक्षित होता है। व्यवस्था में सुधार हेतु भागीरथी प्रयास करने से ही राष्ट्र प्रगति कर सकता है। देश का दुर्भाग्य है कि वंशवादी क्षत्रपों के चलते परिवर्तन हेतु चलाए जा रहे सुधार अभियानों का विरोध करना सत्ता से बाहर रहने वाले राजनीतिक दलों का एकमात्र लक्ष्य रह गया है। यदि ऐसा न होता तो ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार गारंटी योजना मनरेगा में सुधारात्मक बदलाव का विपक्ष विरोध न करता। न ही इस रोज़गार योजना का नाम परिवर्तन करके विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) किए जाने पर होहल्ला मचाता। वस्तुस्थिति यह है कि मनरेगा योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए लाई गई इस योजना का विरोध सैद्धांतिक न होकर राजनीतिक अधिक प्रतीत होता है। नरेगा को महात्मा गांधी के नाम से जोड़कर मनरेगा बनाने वाले दल नहीं चाहते कि इस योजना को महात्मा गांधी के नाम से मुक्त किया जाए।



विडम्बना है कि लम्बे समय तक देश में सत्ता पर काबिज खास परिवार ने देश भर में अधिकांश कल्याण योजनाओं पर अपने परिवार एवं महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित किया। उस परिवार को राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित अन्य महापुरुषों के नाम कभी नहीं सुहाए। पूरे देश में लागू योजनाओं तथा विशिष्ट स्थलों का इतिहास खंगाला जाए तो स्पष्ट होगा, कि खास परिवार ने अपने परिवार से इतर किसी महापुरुष को यथोचित सम्मान नहीं दिया। न तो कभी नेता जी सुभाषचंद्र बोस का सम्मान किया, न ही देश के क्रांतिकारी वीर सपूतों का। इस परिवार के लिए देश के पुनरुत्थान एवं विकास में चंद पारिवारिक सदस्यों की भूमिका सर्वोपरि रही। जबकि कोई भी लोकतांत्रिक राष्ट्र किसी परिवार की बपौती कभी नहीं हो सकता।

कल्याणकारी योजनाएं राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के हित हेतु बनाई जाती हैं। ऐसी योजनाओं को किसी व्यक्ति विशेष के नाम से प्रचारित करने व लागू करने का कोई औचित्य नहीं होता। योजनाएं सर्वकल्याण के लिए होती हैं, किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति के नाम से योजना लागू करना राजनीतिक शुचिता का उल्लंघन ही कहा जाएगा। राष्ट्रहित की सभी योजनाओं के नाम राष्ट्र का बोध करने वाले होने चाहिए, न कि किसी परिवार या व्यक्ति के नाम का प्रचार करने के लिए। आवश्यकता यही है, कि देश में किसी परिवार या व्यक्ति के नाम से चलने वाली कल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलकर राष्ट्रीय योजना के रूप में स्वीकार किए जाने चाहिए। देश किसी परिवार या विशेष व्यक्ति का गुणगान करने तक सीमित नहीं रह सकता। परिवर्तन संसार का नियम है, जिसे दलगत राजनीति या किसी विशेष राजनीतिक परिवार की स्तुति तक सीमित नहीं रखा जा सकता। (विनायक फीचर्स)

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाएं- डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर आरटीओ, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी समिति अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्दी में कोहरे के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के सभी हाईवे पर सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि हाईवे पर एक्सीडेंटल व संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना संबंधित पोस्टर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट जहां



बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, पर तत्काल सुधारात्मक उपाय, साइनेज, रंबल स्ट्रिप और प्रकाश व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी मार्ग हाईवे से जुड़ रहे हैं, उन पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी चीनी मिल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देशित करें कि किसी भी अवस्था में बिना फिटनेस एवं ओवरलोडेड वाहनों का गन्ना परिवहन में संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग और आरटीओ को निर्देश दिये गए कि सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस और चालकों के लाइसेंस की सघन जांच की जाए ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित न पाया जाए।

## अधिवक्ता शमीम अलवी की वालिदा का इंतकाल



**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी अधिवक्ता शमीम अल्वी की वालिदा अनीसा बेगम (80) का शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे इंतकाल हो गया। बताया गया कि वह मधुमेह की बीमारी से पीड़ित थी। एक सप्ताह पूर्व छाती में संक्रमण के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मरहूमा एक नेकदिल व दीनदार महिला थी। उनकी तदफ़ीन जौहर की नमाज़ के बाद ग्राम फ़ैजपुर में की गई। उनके जनाज़े में नगर क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## भैंसा गाड़ी दलदल में समाई युवक ने कूदकर जान बचाई

**हरेवली ( चिंगारी )।** शुक्रवार को अपनी भैंसा गाड़ी से रेत लेने गए एक युवक अनमोल की भैंसा गाड़ी उस वक्त पानी में समा गई, जब वह हरेवली बैराज के गेट नंबर 1 के सामने रेत निकाल रहा था। अचानक भैंसा बिदक गया और वह गहरे पानी में चला गया। गाड़ी स्वामी ने काफी प्रयास किया, लेकिन भैंसा गहरे दलदल पानी में फंस गया। युवक ने किसी तरह कूदकर जान बचाई और शोर मचाया। आसपास काम कर रहे लोग उस ओर दौड़ पड़े। जब तक भैंसा को बाहर निकाला गया, भैंसे की मृत्यु हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार नगरपुर खड्क सेन निवासी अनमोल ने गत सप्ताह एक भैंसा खरीदा था। जिसकी कीमत 70000 थी। भैंसे के मरने से अनमोल के परिवार पर दुखों का पहाड़ टट पड़ा है। भैंसा जो परिवार के आमदनी का एकमात्र साधन था।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

## पटाखे जैसी आवाज़ निकाल रही बुलट सीज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जजी चौराहे पर बुलट पर सवार तीन युवक पटाखे की आवाज निकाल रहे थे। बुलेट का साइलेंसर इस तरह से मॉडिफाई किया गया था कि चलने पर तेज धमाके जैसी आवाज निकल रही थी। इससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हो रही थी। बुलट पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। चौराहे पर मौजूद यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बाइक को रोक लिया और युवकों से कागज दिखाने को कहा, लेकिन युवक कागज नहीं दिखा पाये। जांच में साइलेंसर को अवैध रूप से बदला हुआ पाया गया, जो मोटर वाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद टीएसआई ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलट को सीज कर दिया और 17,500 रुपये का चालान काट दिया। ट्रैफिक प्रभारी दरोगा रवि नैन का कहना है कि इस तरह के मॉडिफाई साइलेंसर न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों का ध्यान भटकाकर हादसों की वजह भी बन सकते हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी तरह का अवैध संशोधन न कराएं और यातायात नियमों का पालन करें।

## वीर बाल दिवस पर हुआ संवाद कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 26 दिसम्बर 2025 को राजकीय आईटीआई, बिजनौर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई बिजनौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय निर्माण में बच्चों का योगदान, विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण, विकसित भारत के लिए बच्चों की भूमिका, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ एवं स्किल इंडिया जैसे विषयों पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई, बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा, वरिष्ठ अनुदेशक आशीष कुमार सक्सेना, बृजेश कुमार यादव,अबरार हुसैन एवं अनुज कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## टीईटी अनिवार्यता व एनपीएस-यूपीएस की समाप्ति तक जारी रहेगा आंदोलन-चंद्रहास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाषचंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण की समाप्ति तक आंदोलन जारी रहेगा। पुरानी पेंशन में देश के 80 लाख से अधिक शिक्षकों एवं कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित है। एनपीएस एवं यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन एनपीएस या यूपीएस में संशोधन के




लिए संघर्ष नहीं कर रहा, जब तक हू-ब-हू पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढ़ संकल्पित है। संगठन बहुत शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। मंडलध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिला विंग जिला अध्यक्ष वसीम बानो, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, कुलदीप सिंह, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलोत, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, पंकज कटारिया, संजय कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, पुनीत कुमार आदि ने संबोधित किया।

## निराश्रित श्वानों को मिलेगा ठिकाना



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित श्वानों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि हमारा उद्देश्य पशु कल्याण और जनमानस की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी अस्पतालों एवं चिह्नित हॉटस्पॉट्स पर शत-प्रतिशत एंटी-रेबीज टीकाकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि रेबीज के खतरे को शून्य किया जा सके। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में निराश्रित श्वानों के लिए अस्थायी/ स्थायी आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना, बीमार एवं घायल स्वानों के उपचार के लिए त्वरित कार्यवाही करना तथा वहां आहार व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कुत्तों के काटने या आक्रामक व्यवहार की शिकायतों के निस्तारण के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर और त्वरित रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी कौशलेंद्र सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# साहिबजादों के शहीदी दिवस पर निकली चेतना यात्रा





**धामपुर ( चिंगारी )।** खालसा पंथ के संस्थापक, दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे से चेतना यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हाथों में निशान साहब का झंडा लेकर चल रहे थे। उनके पीछे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, एसपी सलूजा, सरदार शक्ति सिंह मंडी सरदार



जसप्रीत सिंह रॉकी, भाजपा नेता राघव शरण गोयल के अलावा माता सुंदरी दल, सुखमनी सेवा सोसायटी, स्त्री सत्संग सभा की महिलाएं भी शामिल रही। गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर चेतना यात्रा मुख्य डाकघर, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, मेंन मार्केट, बड़ी मंडी, पंजाबी मार्केट, रेलवे स्टेशन रोड, नेताजी सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट ने बताया की मुगल काल में गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादो को जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य किया गया जब उन्होंने मना कर दिया तो हुकुमरानो ने उन्हें जिंदा दीवार में चिनवा दिया।

## घायल शिक्षिका आख़िरकार, मौत से जंग गई हार

### सड़क दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल में थी भर्ती

**धामपुर ( चिंगारी )।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई शिक्षिका तीन दिन तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्षरत रही। चिकित्सकों ने आईसीयू में उपचार करके उनको वेंटिलेटर पर भी रखा परंतु वह जिंदगी की जंग हार गई और कल दोपहर उनका निधन हो गया, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की शिक्षिका अपर्णा रानी का शुक्रवार को उपचार के दौरान कॉसमॉस हॉस्पिटल मुरादाबाद मे देहांत हो गया। वे 50 वर्ष की थी। उनके निधन का समाचार पाकर जहां विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिवार में कोहराम मच गया। मालूम हो कि शिक्षिका अपणा रानी गत दिवस जब दुर्गा विहार कॉलोनी में निर्माणधीन अपने मकान को देखकर पति मनोज चौहान के साथ वापस धामपुर आ रही थीं तो रास्ते में एक कार ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह और उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उनको उपचार हेतु मुरादाबाद ले गए जहां शुक्रवार को शिक्षिका अपर्णा रानी का निधन हो गया। वह नगीना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकावाला की रहने वाली थी और धामपुर में नगीना मार्ग पर एक किराये के मकान में रहकर विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। अभी उन्होंने दुर्गा विहार कॉलोनी में अपने मकान के लिए नीव भरवाने का कार्य शुरू कराया था परंतु काल के क्रूर हाथों ने उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी। वह अपने पीछे पति और एक बेटा-बेटी को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष शोभा अग्रवाल, सचिव पारुल अग्रवाल, राकेश चंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, रश्मि गोयल प्रधानाचार्या अभावती ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## फकीर चंद्र एडवोकेट को अर्पित की श्रृद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर के वरिष्ठ अधिवक्ता फकीर चंद्र एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर बार एसोसिएशन, धामपुर के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि घने कोहरे के बीच फकीर चंद्र एडवोकेट को बिजनौर में नगीना मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। वो प्रात:कालीन सैर के लिए घर से निकले थे। गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि उनका फकीर चंद्र एडवोकेट से पिछले 50 वर्षों से गहरा नाता रहा है। फकीर चंद्र एडवोकेट का और उनका दोनों का एडवोकेट के रूप में बार कौसिंल उत्तर प्रदेश इलाहाबाद में एक ही दिन, 30 जौलाई 1975 को पंजीकरण किया गया जिसके बाद हम दोनों के बीच बहुत गहरे संबंध हो गये थे। गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने उनके निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताया और परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना भी की।

## दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

### 80 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 192वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर पुराने धामपुर में राजकुमार विश्वकर्मा के निवास पर उनकी माता स्वर्गीय गीता देवी की स्मृति में आयोजित किया गया। शिविर में 80 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गईं। शिविर का उद्घाटन एक्स सर्विसमेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष (बिजनौर) सुरेश कुमार शर्मा, सतीश चौहान, राम विश्वकर्मा, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल ने 80 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये। शिविर को सफल बनाने में राजकुमार विश्वकर्मा, श्री राम विश्वकर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, लक्ष्मण दत्त विश्वकर्मा, ईशू शर्मा, अंजू शर्मा, निर्मला देवी, डिम्पल शर्मा, विजय पाल चौहान, इंद्र पाल शर्मा, मोहन सैनी, शेर सिंह, सतीश कुमार चौहान, प्रेम शर्मा, शमशेर सिंह, रिंकू सैनी, कुनाल शर्मा, एके यादव, कौशल देवी, मनीषा शर्मा, साहिल, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## समाजवादी पार्टी की 51 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित



समाजवादी पार्टी की धामपुर नगर कार्यकारिणी घोषित।

**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के धामपुर नगराध्यक्ष हैदर अली आढ़ती ने अपनी नगर कमेटी का गठन कर उसकी घोषणा कर दी है। नगर कार्यकारिणी में 51 पदाधिकारी है, जिनमें एक महासचिव, पांच उपाध्यक्ष, 12 सचिव, दो मीडिया प्रभारी, तीन प्रवक्ता, 14 सदस्य बनाए गए हैं, जबकि 14 विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाए हैं।

बगदाद अंसार रोड स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख़ जाकिर हुसैन को नगराध्यक्ष हैदर अली आढ़ती ने नवगठित नगर कार्यकारिणी की सूची सौंपी। जिलाध्यक्ष शेख़ जाकिर हुसैन ने सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

नगर कार्यकारिणी में राशिद हुसैन नगर महासचिव, डॉ. राहत हमीद, असलम फरीदी, पवन सैनी, असलम अंसारी, नसीम कस्सार को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। नसीम फारूकी, हैदर मुल्तानी, मौ. दानिश अंसारी, वसीम मुल्तानी, कासिफ लतीफी, नईम सैफी, निखिल सैनी, मौ. आमिर (लिबर्टी), मुमताज अहमद, मौ. जुऐब अंसारी, महमूद मिस्त्री व मौ. नदीम अंसारी को नगर सचिव बनाया गया है। मास्टर शमशेर अली व मौ. अनवर धडाधड को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है।

डॉ. विशाल अहमद, डॉ.आसिफ अली अंसारी व शब्बन अली को नगर प्रवक्ता बनाया। जबकि वसीम सैफी, मौ. अकरम, हाजी मौ. अनवार, दिलशाद अली, अनवर अली, मौ. जुल्फुकार कुरैशी, महराब फरीदी, मौ. अरशद, मौ. यूसुफ अंसारी, मौ. जमशेद शम्सी, मौ. कफील डेन्टर, मौ. सुफियान, मौ. निसार व जियाउर्रहमान को सदस्य बनाया हैं। मेहराज फरीदी, आसिफ अली कादरी, हाजी मो. चांद, नेता निसार अहमद, हनीफ मुल्तानी, नजीफुर्रहमान, ऐजाज धामपुरी, हाजी मौ. जाहिद, कौसर अंसारी, राजबहादुर सैनी, मौ. इल्यास अंसारी, सरफराज अंसारी, अबरार अहमद राईन, जावेद उमर उर्फ गुड्डू भाई को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर सपा के जिला महासचिव धनंजय यादव, वरिष्ठ नेता हाजी मतलूब अंसारी, डॉ रहमान, राशिद हुसैन, सलमान फरीदी, मुमताज अहमद, मोहम्मद गुलफाम, असलम फरीदी आदि मौजूद रहे।

# सर्दी में चोरी का ख़तरा गया बढ़ क़ानून व्यवस्था करेंगे और सुदृढ़

## शेरकोट पुलिस ने आयोजित की ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक



**शेरकोट ( चिंगारी )।** शुक्रवार को पुलिस द्वारा थाना प्रांगण, हरेवली पुलिस चौकी और सुभाषचन्द्र बोस पुलिस चौकी में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और क्षेत्रीय लोगों के आपसी समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगना संभव है। उन्होंने कहा घने कोहरे और कड़ाके की ठंड में चोरी की घटनाएं घटित होने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने चोरी की घटनाएं रोकने के लिए सुरक्षा समिति के सदस्यों को रात्रि के समय विशेष सतर्कता बरतने और अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रात्रि गश्त करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए साइबर ठगी से बचाने के उपाय बताए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए अनजान कॉल व लिंक पर क्लिक करने से बचने, अपनी बैंक सम्बंधी गुप्त जानकारी या ओटीपी किसी से भी साझा न करें और साइबर घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में नजर आने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक में सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह राठी, गौरव कुमार आदि और सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाल स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**नहटौर ( चिंगारी )।** वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से ग्राम बल्लाशेरपुर में बाल पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बाल स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से पथ संचलन में प्रतिभाग किया। पथ संचलन पर कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई।

शुक्रवार को सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर बल्लाशेरपुर में पथ संचलन से पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य रूप से बौद्धिक प्रमुख नेपाल सिंह व खंड कार्यवाह सचिन त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बौद्धिक प्रमुख नेपाल सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह की पीढ़ियों ने राष्ट्र और धर्म के लिये बलिदान किया है, जिनके सम्मान में 21 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित होता है। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को गुरु गोबिंद जी की पीढ़ियों की जानकारी देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के उपरांत स्कूल से पथ संचलन आयोजित हुआ, जो ग्राम बल्लाशेरपुर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः स्कूल में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर अर्जुन सिंह प्रधानाचार्य, देवेंद्र सिंह प्रधानाचार्य, राजीव कुमार, विपिन, अक्षत, पंकज, पुष्कर, नीरज, थम्मन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक के केबिन में मिला चालक का शव

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शुक्रवार को मुरादाबाद मार्ग पर खड़े एक ट्रक के अंदर उसके चालक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक की पहचान जागेश ( 40 ) पुत्र चंद्रपाल, निवासी धींगरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जगदीश ट्रक चलाकर ही अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। सूत्रों के अनुसार वह बीती रात ही हरिद्वार से माल लेकर स्योहारा पहुंचा था और देर रात ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर उसी में सो गया था। सुबह जब काफी देर तक ट्रक से कोई हलचल नहीं हुई तो स्थानीय लोगों को शक हुआ। पास जाकर देखने पर चालक ट्रक के अंदर मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल चालक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं नगर में इस सनसनीखेज घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# जेपी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल में शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित विशेष सभा के माध्यम से वीर बाल दिवस मनाया गया। यह सभा इस दिन के महत्व को उजागर करने और भारतीय इतिहास में युवा नायकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति का सम्मान करने के लिए आयोजित की गई थी। सभा के दौरान, प्रधानाचार्य ने बहादुरी, सहनशीलता और राष्ट्रीय गौरव जैसे मूल्यों को विकसित करने के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय ने वीर बाल दिवस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सीबीएसई द्वारा अनुशासित पोस्टर और सूचनात्मक सामग्री भी प्रदर्शित की। सभा का समापन कर्मचारियों द्वारा साहस, अनुशासन और करुणा के साथ मार्गदर्शन करने और वीर बाल दिवस की भावना को जीवित रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# 18 किलो से ज्यादा गांजे के साथ दो तस्कर आये पुलिस के हाथ

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पुलिस ने रात्रि चैकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 किलो 550 ग्राम अवैध गांजा पत्ती के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार की रात्रि स्योहारा-धामपुर मार्ग पर ग्राम पृत्थापुर के पास की गई।

पुलिस के अनुसार चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध सेंट्रो कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार सवार मयूर पुत्र विकास, निवासी सपेरा बस्ती, गुरुद्वारे के पास, रायपुर थाना रायपुर जनपद देहरादून, और सन्नी पुत्र साजन, निवासी सहस्त्रधारा बस स्टैंड के पास झुग्गी, थाना आईटी पार्क जनपद देहरादून के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में थाना स्योहारा पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों से गांजा की खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में लगातार चैकिंग अभियान जारी रहेगा।

# कैसे करें गुलदार से बचाव, वन दरोगा ने दिये सुझाव

**शेरकोट ( चिंगारी )।** शुक्रवार को वन विभाग के अधिकारियों ने गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को गुलदार से बचाव एवं सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया।

कल दोपहर क्षेत्र के ग्राम हादकपुर में सिद्धार्थ त्यागी के आवास पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वन दरोगा लक्ष्मी चंद ने कहा कि जंगल में गुलदार की संख्या निरंतर बढ़ने के कारण आयेदिन खेतों में गुलदार दिखाई देने के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को गुलदार से बचाव के लिए सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए कहा कि शाम को खेतों पर काम करने वाले जल्दी वापस लौट आएं और रात के समय जंगल जाने से बचें, झुंड बनाकर खेतों पर काम करने जंगल जाएं, बच्चों या कुत्ते को अपने साथ न लेकर जाएं, महिलाएं अपने गले में चुनरी या अन्य कोई कपड़ा लपेटकर जंगल जाएं। उन्होंने कहा कि सतर्कता बरतकर ही गुलदार के हमले से बचा जा सकता है। इस दौरान क्षेत्रीय किसानों ने आयेदिन रास्ता रोककर गुलदार के परेशान करने की समस्या से वन अधिकारी को अवगत कराया और पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की। इस मौके पर प्रधान पति मगन सिंह, यतेंद्र राजपूत, चिंटू राजपूत, अच्छे सिंह, कृष्ण कुमार, विजयपाल सिंह, बंटी सिंह आदि किसान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# जीवित को मृत दर्शाया, न्याय मिल नहीं पाया

## वर्ष भर अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटते रहे पीड़ित व्यक्ति

राशिद मलिक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विदा हो रहे साल 2025 में जनपद बिजनौर में पंचायत राज और राजस्व विभाग के ग्राम स्तर के अधिकारियों द्वारा जीवित लोगों को मृत दर्शाना और जन्म प्रमाण-पत्र की जगह मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने के कारनामे पूरे वर्ष चर्चा का विषय बने रहे। ऐसे पीड़ित व्यक्ति जीवित होने के बावजूद अपने जिंदा होने का सबूत अधिकारियों को देने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते रहे, मगर अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

किसी जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर देना और जन्म प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने पर आवेदक को जन्म प्रमाण-पत्र की जगह मृत्यु प्रमाण-पत्र थमा देना एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। जनपद में यह गंभीर अपराध पंचायत राज और राजस्व विभाग के ग्राम स्तर के अधिकारी बार-बार दोहराते रहे। यह अपराधिक कृत्य सेवा में कदाचार लापरवाही और उदासीनता को बयां करता है।


14 (सांध्य दैनिक) बिजनौर, 15 मई 2025 | आसपास | चिंगारी

साहब ! मैं तो ज़िंदा हूं..

लेखपाल ने मुझे मृत घोषित कर दिया

चिंगारी | आसपास

साहब ! मैं भी ज़िंदा हूं..

मगर राजस्व विभाग वालों ने मुझे भी मृत घोषित कर दिया

आवश्यक सूचना

www.dainikchingari.com | 13 (सांध्य दैनिक) बिजनौर, 24 जून 2025 | आसपास

जिंदा गंगाराम को मृत घोषित कर दिया

ग्राम पंचायत सचिव का कारनामा | 11 माह से रूकी हुई गरीब गंगाराम की पेंशन

पीड़ित गंगाराम

**फ्लैश बैक 2025**

सांध्य दैनिक चिंगारी में प्रकाशित अधिकारियों के कदाचार के प्रमाण


चिंगारी 25 अगस्त, 2025 बिजनौर | चिंगारी की ख़बर का हुआ असर सफाई हो गई सड़क पर ( पेज 10 ) | 3

जन्म प्रमाण-पत्र की जगह जीवित व्यक्ति का बना दिया मृत्यु प्रमाण-पत्र

ब्लॉक के अधिकारियों का नया कारनामा

अनुपम अग्रवाल

नजीबाबाद तहसील में यह लापरवाही भरा आचरण पंचायत राज विभाग के ग्राम सचिवों द्वारा किया गया था। हुआं यू कि जब ग्राम पंचायत तातरपुर लालू जयनगर कॉलोनी निवासी अनुपम अग्रवाल ने खंड विकास कार्यालय नजीबाबाद में अपना जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिए आवेदन किया तब आवेदन के दो-तीन दिन के बाद ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अनुपम अग्रवाल के घर जन्म प्रमाण-पत्र की जगह मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाकर भेज दिया गया। जन्म प्रमाण-पत्र की जगह मृत्यु प्रमाण-पत्र मिलने से अनुपम अग्रवाल व उनका परिवार हक्का-बक्का रह गया। मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी होने के बाद अनुपम अग्रवाल को अपने जीवित होने का प्रमाण बार-बार अधिकारियों को देना पड़ा। नजीबाबाद तहसील की ही ग्राम पंचायत सुंगरपुर बेहड़ा निवासी गंगाराम पुत्र घनश्याम भी ग्राम पंचायत सचिव से पीड़ित है। वृद्ध गंगाराम गरीब एवं वृद्ध होने के चलते समाज कल्याण विभाग से पेंशन ले रहे थे। इसी बीच ग्राम पंचायत सचिव ने जीवित होने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था, जिससे उनकी पेंशन रुक गई थी।

इसी तरह नगीना तहसील में भी लेखपाल द्वारा जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिये जाने का मामला खूब सुर्खियों में रहा। बढ़ापुर के मोहल्ला ठाकुरान निवासी सुरेशचंद प्रजापति (71 वर्ष) पुत्र भारत सिंह तथा कस्बे के ही मोहल्ला लाल सराय निवासी मुख्तार अहमद पुत्र मरहूम अब्दुल हमीद भी समाज कल्याण विभाग से पेंशन ले रहे थे। यहां भी जांच के दौरान लेखपाल द्वारा सुरेशचंद प्रजापति और मुख्तार अहमद दोनों को जीवित होने के बावजूद मृत घोषित कर दिया गया था। पीड़ित सुरेशचंद प्रजापति बताते हैं कि वह तमाम शिकायतें करने के अलावा अधिकारियों के सम्मुख उपस्थित होकर अपने जीवित होने का सबूत दे चुके हैं, मगर अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं पाया है।

## सभी देवी-देवताओं को प्रिय है श्रीराम कथा- प्रवीण शास्त्री

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला ब्रह्मनान में श्री मुकेश भाटिया के निवास स्थान पर सुंदरकांड का पाठ करने पर प्रवीण शास्त्री ने कहा कि राम नाम के बिना वाणी कभी भी शोभा नहीं पा सकती। राम नाम भगवान के सभी नामों में बड़ा है। जैसे आकाश में तारों के बीच में चंद्रमा बड़ा है। राम कथा मनुष्य के लिये चंद्रमा की भांति शीतलता प्रदान करती है। जिस प्रकार चंद्रमा की किरणें रात्रि में दिनभर की थकान दूर कर देती हैं, उसी प्रकार राम कथा मनुष्य की थकान को दूर कर देती है। श्रीराम कथा कलियुग में कामधेनू के समान सभी इच्छाएं पूरी करने वाली है। श्रीराम कथा सज्जन मनुष्यों के लिये अमृत के समान है, जो भी श्रीराम जी के गुणों का गान नहीं करते, वह मेंढक की जीभ के समान है। श्रीराम कथा का ज्ञान होने पर मनुष्य को कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। श्रीराम कथा सभी देवी-देवताओं को प्रिय है। भगवान को तो विशेष प्रिय है। राम नाम शिव के हृदय में बसता है। जहां राम कथा होती है, वहां हनुमान जी भी पधारते हैं, कथा के आयोजन में ममता भाटिया, मुस्कान भाटिया और सुरभी भाटिया आदि ने सहयोग किया।

## गुरुद्वारे में मनाया जा रहा शहीदी पखवाड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय गुरुद्वारा सिंह सभा नई बस्ती बिजनौर में 22 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक शहीदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबाजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह जंग में लड़ते हुए शहीद हुए तथा बाबा जौरावर सिंह व फतेह सिंह उम्र 5 साल व 7 साल को दीवारों में चिनवाकर शहीद कर दिया गया। माता गुजरी कौर व सिंह साथी भी शहीद हो गये। इस अवसर पर गुरुद्वारे में लगातार सिमरन हो रहा है एवं श्रद्धांजलि दी जा रही है। आज शनिवार को भी गुरु गोविंद जी का प्रकाश उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति उपरांत कीर्तन दरबार हजूरी जत्था भाई अमरजीत सिंह एवं साथियों द्वारा किया गया तथा गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। बड़ी संख्या में संगत प्रकाश परब मना रही है। गुरु का अटूट लंगर का आयोजन किया गया। प्रबंधक स. गुरजीत सिंह कालड़ा, स. रविन्द्र सिंह कालड़ा, स. सुरजीत सिंह डंग, स. सुरेंद्र सिंह गुलाटी, स. अरविंद पाल सिंह जत्थेदार, स. इकबाल सिंह, स. रविन्द्र सिंह, स. सतेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनेन सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।



## नहटौर में धूमधाम से मनाई गई महाराजा शूरसेन की जयंती




**नहटौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला धर्मशाला में महाराजा शूरसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य और चांदपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कमलेश सैनी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने और महाराजा शूरसेन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। शूरसेन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत चांदपुर चुंगी से प्रभातफेरी के साथ हुई। प्रभात फेरी निर्धारित मार्ग से होते हुए मोहल्ला धर्मशाला के रामलीला मैदान में संपन्न हुई। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलेश सैनी ने महाराजा शूरसेन और महाराज भगीरथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने में पूर्ण सहभागिता करें। पूर्व विधायक सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में अपने बच्चों को महापुरुषों के बारे में अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में करन सिंह सैनी, तिलकराज सैनी, संजू सैनी, ओमप्रकाश सैनी, नंदकिशोर मास्टर, हरिराज सिंह, कपिल सैनी, मदन सिंह सैनी, पदम सिंह, विजेंद्र, अरुण कुमार, लक्ष्मण सिंह, वीर सिंह, शिवकुमार, प्रताप सिंह सैनी, सचिन कुमार और अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश सैनी और लक्ष्मण सिंह ने की।

# अनूठे अंदाज में हुआ भाकियू के पोस्टकार्ड अभियान का समापन

## एक लाख 34 हजार पोस्टकार्ड टोकरियों में लेकर पहुंचे किसान

## बीन, सारंगी व ढोल बजाते चल रहे लोग बने आकर्षण का केंद्र

## अब तक भेजे गए लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड

**बिजनौर (चिंगारी)। गंगा एक्सप्रेस-वे समेत जनपद से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर चलाए जा रहे पोस्टकार्ड अभियान का वर्ष 2025 के अंतिम सप्ताह में अनूठे अंदाज में समापन हुआ। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में किसानों और जनप्रतिनिधियों ने नगर में जागरूकता रैली निकालते हुए आज शनिवार को एक लाख 34 हजार पोस्टकार्ड पोस्ट ऑफिस बिजनौर में डाक अधीक्षक को सौंपे।**





रैली शिवाजीपुरम स्थित कार्यालय से प्रारंभ होकर मंडावर रोड, जजी चौक व शक्ति चौक होते हुए सिविल लाइन मार्ग से गुजरती हुई पोस्ट ऑफिस पहुंची। रैली की विशेष बात यह रही कि किसान अपने सिर पर टोकरी में पोस्टकार्ड रखकर चल रहे थे, जबकि आगे-आगे बीन, सारंगी और ढोल बजाते कलाकार चल रहे थे। यह दृश्य पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

उल्लेखनीय है कि पोस्टकार्ड अभियान अक्टूबर माह में गंगा एक्सप्रेस-वे, कृषि विश्वविद्यालय और नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि जैसे विषयों को लेकर शुरू किया गया था। अभियान की शुरुआत पर चौधरी दिगंबर सिंह ने जनपदवासियों से पोस्टकार्ड भेजने की अपील की थी, जिसे व्यापक जनसमर्थन मिला।

चौधरी दिगंबर सिंह ने बताया कि अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर भेजे जा चुके हैं। अभियान के समापन अवसर पर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई और आज एक लाख 34 हजार पोस्टकार्ड डाक अधीक्षक को सौंपे गए।

उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे आंदोलन को अब सोशल मीडिया पर नई दिशा दी जाएगी। नए साल के पहले माह में इस मुद्दे को ट्विटर (X) पर ट्रेंड कराया जाएगा, जिसमें बिजनौर के युवाओं का सहयोग लिया जाएगा।

कार्यक्रम में बीन व सारंगी वादन दल का नेतृत्व राकेश प्रधान ने किया। रैली में नितेंद्र प्रधान, वीर सिंह डबास, उदयवीर सिंह, सौपाल सिंह, नदीम अहमद, डैनी चौधरी, अंकुल कुमार, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और नागरिक मौजूद रहे।

# अली अदनान बने भारतीय राष्ट्रीय विख्यात निशानेबाज



बिजनौर (चिंगारी)। नगर पंचायत मंडावर के पूर्व चेयरमैन व राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष अली अदनान ने दिल्ली डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रही 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता के ट्रैप मास्टर्स वर्ग में 83 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय विख्यात निशानेबाज की उपाधि हासिल कर जिला बिजनौर का नाम रोशन किया। अली अदनान पूर्व में भी इस क्षेत्र में अत्यंत उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं उन्होंने वर्ष 2020 में सरकार से अनुमति मिलने पर उत्तराखंड अल्मोड़ा के बेहद खूंखार आदमखोर गुलदार को मार गिराकर वहां की जनता को आतंक से निजात दिलाने का काम किया था। विख्यात निशानेबाज की उपाधि हासिल करने पर उन्हें जिले भर से मुबारकबाद मिलने का सिलसिला जारी है।

## मौ. फैज अंसारी एडवोकेट बने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष ने नगर पंचायत साहनपुर निवासी मोहम्मद फैज अंसारी एडवोकेट को संगठन का विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नजीबाबाद मनोनीत किया है। उन्होंने नव मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद फैज अंसारी एडवोकेट से आशा व्यक्त की है कि वह अंसारी बिरादरी को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने व उनके हितों के लिए कार्य करेंगे। मो. फैज अंसारी एडवोकेट ने भी प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व को पूर्ण विश्वास दिलाया कि वह पूरी निष्ठा व लगन के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

# तिसोतरा में लगा दो दिवसीय सती मेला

# उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का रेला

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज दो दिवसीय सती मेले के पहले दिन सती माता मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने और कुण्डारे लगाने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ इतनी थी कि श्रद्धालुओं को प्रसाद चढ़ाने में घंटों लगे। पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि वैसे तो भीषण ठंड के बावजूद तड़के 5 बजे से ही श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने तथा कुण्डारे लगाने को आने लगे थे। मगर श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ लगभग 11 बजे उमड़ी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्राम मौहम्मद अलीपुर द्वारका ( तिसोतरा ) में कामराजपुर सम्पर्क मार्ग पर प्रतिवर्ष पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तथा अष्टमी तिथि को दो दिवसीय सती मेला लगता है। आज मेले का शुभारम्भ हुआ। मान्यता है कि सती माता की कृपा से घर - परिवार में सुख - शांति बनी रहती है तथा सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। श्रद्धालु पुत्रों की शादी तथा पौत्र रत्न प्राप्त होने की खुशी में मंदिर पर कुंडारे लगाते हैं। गांव की विवाहित युवतियां भी पुत्र रत्न प्राप्त होने पर अपने पति तथा ससुराल वालों के साथ यहां सती माता मंदिर पर कुंडारे लगाने आती हैं।



सती माता मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

प्रसाद चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में चांट , पकौड़ी , जलेबी , फास्ट फूड आदि व्यंजनों का स्वाद लिया तथा खूब खरीदारी की। मेले में सैकड़ों दुकानें लगी हुई थीं। मीना बाजार में सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। जबकि बच्चों ने खिलौने खरीदे तथा विभिन्न प्रकार के झूलों पर जमकर झूले। शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। महिला पुलिसकर्मी भी काफी संख्या में तैनात रहीं।

# लखनऊ में हुये वीर बाल दिवस कार्यक्रम में बिजनौर के सिख प्रतिनिधियों ने भी उपस्थिति दर्ज करायी







**बिजनौर/लखनऊ (चिंगारी)।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। सरवंश दानी दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को समर्पित इस भावपूर्ण कार्यक्रम में जनपद बिजनौर से सिख समाज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जिले का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया।

इस शब्द गुरबाणी कीर्तन समागम में जनपद बिजनौर से विभिन्न सिख संगठनों और समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। इनमें जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व पंजाबी सिख समाज के जिलाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की संरक्षक एवं भाजपा क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महामंत्री सरदार हरभजन सिंह अमन, ताजपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कोषाध्यक्ष स. सतवेन्द्र सिंह गुजराल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष (नूरपुर) स. रवेन्द्र सिंह मिक्की एवं धामपुर से सरदार जसविंदर सिंह जस्सी और गुरमेज सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, कुलवंत सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। इन सभी प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति से जनपद बिजनौर के सिख समाज की ओर से साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने साहिबजादों के अदम्य साहस और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा को याद किया, जो आज भी लाखों लोगों को प्रेरणा देती है। वहीं हरजिंदर कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आवास पर आयोजित यह कार्यक्रम सिख इतिहास के इस गौरवशाली अध्याय को स्मरण करने और नई पीढ़ी को इससे अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।



## कल बिजनौर में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा

**बिजनौर (चिंगारी)।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कल रविवार को बिजनौर शहर में भागवत गौरांग संदेश न्यास वृन्दावन धाम के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ की 21वीं शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा के मुख्य संरक्षक वृन्दावन धाम से पधारे राधारमण दास ने बताया कि इस बार की भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बहुत ही भव्य रूप से निकाली जायेगी। रथयात्रा का प्रारम्भ दोपहर 1 बजे शक्ति चौक (यूनियन बैंक) से होगा तथा डाकखाना, शम्भा बाजार, शिवचौक, डा. मदन मोहन चौक से होते हुए रथयात्रा का समापन शुकदेव शिव मंदिर अड्डूवाला मौहल्ला खत्रियान पर होगा। यात्रा के उपरान्त विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जायेगा। रथयात्रा से पूर्व आज 27 दिसम्बर को मधुरम अपार्टमेंट, पंचवटी कालोनी में राकेश कर्णवाल के निवास स्थान पर सायं 6 बजे भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया जायेगा तथा भगवान को छप्पन भोग लगाने के साथ-साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा। मुख्य संरक्षक राधारमणदास ने सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## एएन स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने प्रस्तुत किये आकर्षक कार्यक्रम

**बिजनौर (चिंगारी)।** ए.एन. इन्टरनेशनल स्कूल में किन्डर गार्टन विंग में 'फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन' 'चमकते सितारे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. नीता सिंह, मिस बीना सिंह व डॉ. सोनल सिंह के द्वारा किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जादू एक चिड़िया अनेक चिड़िया, मोबाइल व फैंसी ड्रेस के सुन्दर रूपों ने सबका मन मोह लिया। फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन में नर्सरी से फलावर थीम पर उमर अब्दुल्ला पुत्र श्रीमती शेबा ने प्रथम, यश पुत्र श्रीमती कर्मजीत नीशू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एल.के.जी. में बालीवुड थीम पर हम्माद पुत्र श्रीमती वजीहा, सृष्टि पुत्री श्रीमती रूपाली, मौ. अबान पुत्र श्रीमती इशरत जहां ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू.के.जी. में स्टेट थीम पर आरूष अग्रवाल पुत्र श्रीमती पूजा, शिजा पुत्री श्रीमती शाजिया तथा धारिया पुत्र श्रीमती ऊमा रानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नीता सिंह ने कहा कि बच्चों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से हमें अपने बचपन की याद दिला दी। कार्यक्रम का संचालन के.जी. इंचार्ज रचना शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य मेराज अहमद ने सफल कार्यक्रम के लिये सभी शिक्षकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# रालोद कार्यकर्ता बोले 'हैप्पी बर्थडे चौधरी जयंत'

## किसान व नौजवान के हकों की लड़ाई लड़ने का लिया संकल्प

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल एवं उद्यमिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह का 47वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। रालोद जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रालोद कार्यालय पर जुटे। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह किसान, नौजवान तथा महिला सशक्तिकरण को लेकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनके दिशा निर्देश में पार्टी मजबूत हो रही है। प्रदेश महासचिव चौधरी बृजेश सिंह ने कहा कि चौधरी जयंत सिंह की कार्यशैली से देश के युवाओं में लगातार भरोसा बढ़ा है। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुंशीराम पाल ने कहा कि चौधरी जयंत सिंह किसान, नौजवान के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने कहा कि रालोद मजबूत होगा तो किसान व नौजवान भी मजबूत होगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने केक काटा। रालोद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर चौधरी जयंत सिंह के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता चौधरी ओम सिंह, चौधरी अलबेल सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह चिकारा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूनम चौधरी, मास्टर इंद्रमणि, चौधरी यशपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, शिवम राणा, चौधरी हरवीर सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, सिद्धार्थ चौहान, डा. समरपाल सिंह, राजेंद्र भुइयार, राम सिंह, जयपाल सिंह, चौधरी हुकम सिंह, फैसल वसी, वीरपाल मलिक, राहुल राठी, अरविंद सिंह, परितोष चंदेल, बिजेंद्र सिंह, अनुज मलिक, विशाल चौधरी, प्रशांत राणा, अंकुल कुमार, नागेंद कुमार आदि मौजूद रहे।



# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे

# गुरु गोविंद सिंह जी महाराज

## गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश उत्सव पर विशेष

इतिहास साक्षी है कि संसार में जब-जब धर्म की हानि हुई है, सत्य व इंसाफ का विघटन हुआ है। मानवता खतरे में पड़ी है, तब-तब दुष्टों का संहार करने के लिये ईश्वर मानव रूप में अवतरित हुए हैं। गुरु गोबिंद सिंह भी इसी उद्देश्य से अवतरित हुए हैं। उन्होंने खुद भी कहा है कि जब-जब होत अरिष्ठ अपारा, तब-तब देह धरत अवततारा।

विश्व इतिहास में गुरु गोबिंद सिंह समय के एक ऐसे अवतार पुरुष हुए हैं, जो विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश, धर्म तथा मानवता की रक्षार्थ अपना सर्वश्व (माता, पिता, चारों पुत्र, शिष्य) कुर्बान कर दिया। अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटे। उन्होंने अपने अनुयायियों में शूरवीरता कूट-कूटकर भरी थी। आज भी गुरु गोबिंद सिंह जी का एक सिख सवा लाख के बराबर आंका जाता है।

बिहार के पटना शहर में पौष शुक्ल 7 संवत 1723 को रविवार के दिन माता गूजरी जी तथा पिता श्री गुरु तेगबहादुर जी के ग्रह में जन्मे, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का मूल नाम गोबिंद राय था। बचपन में सभी लोग इन्हें बाला प्रीतम कहकर पुकारते थे। ये बचपन से ही साहसी तथा अन्याय के विरोधी थे। बचपन में धनुष, कृपाण और कटार इनके प्रिय खिलौने थे। मात्र 9 वर्ष की अल्प आयु में पिता गुरु तेगबहादुर जी की धर्म रक्षार्थ शहीदी के बाद सिख संगत ने इन्हें गुरुगद्दी पर बैठाकर गुरु पद की जिम्मेदारी दी।



गुरु गोबिंद सिंह, जिन्हें इतिहास में संत सिपाही के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने भक्ति तथा सेवा के साथ-साथ समय की पुकार पर जुल्म व अन्याय के विरुद्ध तलवार उठाई। धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिये खालसा पंथ का सृजन किया। आपने कभी भी अपने आपकों परमेश्वर रूप न तो माना और न ही किसी से कहलाना पसंद किया। उन्होंने अपनी वाणी में स्पष्ट कहा है कि जो हमको परमेश्वर उच्चरे, तै सब नरक कुंड में परहे। उन्होंने अपने सिखों को देहधारी गुरु न मानने की नसीहत दी। इस गुरु आदेश की पालना में सिख आज भी देहधारी गुरु को मान्यता न देकर दुनिया के महान हिन्दू-मुस्लिम संतों, पीर फ़कीरों की बाणी के अमर संकलन श्री गुरु ग्रंथ साहिब को प्रतिदिन गुरूद्वारे जाकर नमन करता है।

वे सभी प्राणियों को आध्यात्मिक स्तर पर परमात्मा का ही रूप मानते थे। अकाल उस्तत में उन्होंने कहा है कि हिन्दू तुरक कोउ सफजी इमाम शाफी, मानस की जात सबे एके पहचानबो।

**रचनाएं** - गुरु गोबिंद सिंह गुरुमुखी के साथ-साथ संस्कृत, फ़ारसी, भाषा के उच्च कोटि के विद्वान् साहित्यकार थे। इन्होंने दशम ग्रंथ, सर्वलोह प्रकाश, सुनीति प्रकाश, बुद्धि सागर, कृष्णवतार, गोबिंद गीत, अकाल उसतत, चौबीस अवतारा, नाम माला, चंडी की वार, जाप साहिब आदि रचनाएं लिखीं।

**वर्जित कुरीतियां**- गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिख पंथ के लिये चार प्रमुख कुरीतियों को वर्जित किया है। 1. सिक्ख अपने केशो को खंडित न करें, 2. जीवन में किसी प्रकार का नशा न करें, 3. कुट्ठा मीट का सेवन न करें, 4. पर स्त्री-पुरुष संग न करें।

**संदेश**- गुरु गोबिंद सिंह जी को जब अपने अंतिम समय का अनुमान हुआ तो उन्होंने सभी सिखों को एकत्रित कर उन्हें मर्यादित तथा शुभ आचरण करने, अमृतपान कर गुरु सिख बनने, देश से प्रेम तथा दीन-दुखियों की सेवा, सहायता करने, जुल्म-अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का संदेश दिया।

आज मानवता स्वार्थ, संदेह, संघर्ष, हिंसा, आतंक, अन्याय ओर अत्याचार की जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनमें गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन दर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। आइये उनके प्रकाश उत्सव पर मनवाधिकारों की रक्षा करने के साथ ही समाज में प्रेम, भाईचारा बढ़ाने का संकल्प ले।

प्रस्तुतिः कमलजीत सिंह नूर
9758002867

# बाल सदन का वार्षिक उत्सव बाल मेले के रूप में मनाया गया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव गुरुद्वारा रोड स्थित रवा राजपूत धर्मशाला में बाल मेले के रूप में मनाया गया। प्रधान अध्यापिका किरण बाला ने फीता काटकर व भगवान गणपति की आराधना से किया। मेले में बच्चों के लिए शुद्ध सात्विक खाने-पीने के व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया था। मेले में बहुत ही मनोरंजक व मस्तिष्क को स्वस्थ मानसिकता प्रदान करने वाले गेम्स रखे गए थे। बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ मेले का लुत्फ उठाया। सब बच्चों के आकर्षण का केंद्र मिकी माउस रहा। जिस पर बच्चे दिन भर अठखेलिया करते रहे। उलट-पुलट होकर मिकी माउस का आनंद उठाया। प्रधान अध्यापिका किरण बाला ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में न केवल उत्साह भरते हैं बल्कि उन्हें कुछ नया सीखने को भी मिलता है। प्रबंधक डॉक्टर एसके जौहर ने कहा कि बाल सदन मोंटेसरी स्कूल की परंपरा रही है कि बच्चों को वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व शेक्षिक भ्रमण अथवा बाल मेले के रूप में कोई न कोई आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन किया जा सके। इस अवसर पर मैडम किरण बाला, अंजना, पूजा शर्मा, रीना अग्रवाल, कंचन शर्मा, दुर्गा भारद्वाज, अंशु, प्रतिभा राजपूत, शिवानी रावत, आकांक्षा राजपूत, मैडम शहाना, मैडम रोशनी, कमर जहां, अंशु शर्मा, भावना, नेहा परवीन, साहिबा जौहर, अनाईशा, ईशान्वी, शोभा शर्मा, रिंकी आदि उपस्थित रहे।



# गन्ना सेंटर पर किसानों का फूटा गुस्सा, उखाड़ फेंकने की दी चेतावनी

**नजीबाबाद (चिंगारी)**। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमलापुर खाईखेड़ी स्थित गन्ना सेंटर पर बुधवार से तौल बंद होने से किसानों का सब्र जवाब दे गया। तौल इंचार्ज धीर सिंह द्वारा अचानक तौल रोके जाने के विरोध में गुरूवार को सुबह से ही किसानों ने गन्ना सेंटर पर मोर्चा खोल दिया। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के व्यापार जिला अध्यक्ष रामोद कुमार की अध्यक्षता एवं तहसील अध्यक्ष नीरज चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू के नेतृत्व में किसानों ने धरना शुरू कर दिया। किसानों ने बुंदकी मिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मिल प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। धरने के दौरान जब मिल प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो किसानों का आक्रोश और भड़क उठा। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि धरना बड़े स्तर पर किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो गन्ना सेंटर को उखाड़कर फेंक दिया जाएगा। धरने पर विशाल चौधरी, मुकुल चौधरी, देवेंद्र प्रधान, राजकुमार, सुभाष, महेंद्र, पम्मी, अनमोल चौधरी, राजवीर, दयाराम सिंह, महिपाल सिंह, मोहम्मद सलमान, मो. अब्दुल हमीद समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


गन्ना सेंटर पर धरना देते किसान।

# सुशासन दिवस पर हुआ वाद-विवाद प्रतियोगिता व काव्य पाठ का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर वाद-विवाद एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्य के कुशल मार्गदर्शन में, संकाय सदस्यों तथा MBBS प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रेरणादायक विचारों पर आधारित कथनों (कोटेशन) का वाचन किया गया, इसके पश्चात हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय छात्रावास जीवन में छात्रों को अधिक जिम्मेदार बनाता है रहा। विपक्ष की पक्ष में निधि, सूरज एवं विधूषी तथा प्रस्ताव के विरोध में ध्रुव, लियाबा एवं हाफ्सा ने तार्किक, तथ्यपरक एवं प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर प्रस्ताव के पक्ष में निधि तथा प्रस्ताव के विरोध में ध्रुव मिश्रा को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। इसके उपरांत काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशांत सिंह, निशी राजपूत, सैजाशी मिश्रा, तनिषा एवं अनन्य ने भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रशांत सिंह तथा द्वितीय स्थान सैजाशी मिश्रा को प्राप्त हुआ।



# डीएम से मिले खादर क्षेत्र के किसान चाहा अपनी समस्याओं का समाधान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार के नेतृत्व में गंगा खादर क्षेत्र के गरीब किसानों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर अपनी पीड़ा उनके सम्मुख रखी। उनके द्वारा उगाई गई गन्ने की फसल उन्हें काटने की अनुमति दिये जाने, वन विभाग द्वारा दर्ज कराये गये फर्जी मुकदमे निरस्त किये जाने तथा भूचित्र को दुरुस्त कराये जाने की मांग की गई है।

किसानों ने जिलाधिकारी को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि वे लोग नांगल के गंगा खादर क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 253, 256 व 257 में वन विभाग के सहखातेदार हैं। दोनों एक-दूसरे को ओवरलैप करते हैं। राजस्व विभाग द्वारा वन विभाग की भूमि और कृषि भूमि के मध्य किसी प्रकार का सीमांकन नहीं किया गया है। जिस कारण वन विभाग और कृषकों के मध्य लगातार विवाद की स्थिति रहती है। विगत 20 दिसम्बर को वन विभाग के द्वारा गरीब किसानों के खड़े गन्ने को जोतकर नष्ट कर दिया गया है। साथ ही गरीब एवं निर्दोष किसानों के विरुद्ध नांगल थाने में मुकदमे भी दर्ज करा दिये गये हैं।

जिलाधिकारी को दिये दूसरे प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि मौजा नांगल के राजस्व विभाग के भूचित्र एवं वन विभाग के भूचित्र में 45 अंश से अधिक का अंतर है। भूचित्रों को दुरुस्त कराया जाये, ताकि उन्हें अपनी जमीनें मिल सकें। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार व सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी के साथ जिलाधिकारी से मिलने वाले किसानों में पवन कुमार, बलराम सिंह, जितेन्द्र कुमार, कुंवरपाल सिंह, संदीप, ज्ञान सिंह, निहाल सिंह, यूसुफ, मनोज आदि शामिल रहे।

# भ्रामक वीडियो प्रसारित कर छवि धूमिल करने का आरोप

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने दो व्यक्तियों के विरुद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर झूठी एवं भ्रामक वीडियो प्रसारित कर उनकी छवि धूमिल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि उनको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो / समाचार प्रसारित किया जा रहा है। उस वीडियो में कहा जा रहा है कि उन्होंने (सुधीर भुईयार ने ) वन विभाग से कोई ठेका ले रखा है तथा इस ठेके की आड़ में उनके द्वारा अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। वीडियो में उनका विजिटिंग कार्ड भी दिखाया जा रहा है। सुधीर भुईयार का कहना है कि न तो उन्होंने वन विभाग से कोई ठेका ले रखा है और न ही उनका वीडियो में लकड़ी लेकर जा रहे सरफराज से कोई सम्बन्ध है। उनका आरोप है कि सोशल मीडिया पर यह मिथ्या एवं भ्रामक प्रचार मुकेश कुमार निवासी निकट सब्जी मंडी, नजीबाबाद द्वारा किया गया है। सुधीर भुईयार की तहरीर पर पुलिस ने सरफराज निवासी सराय आलम थाना नांगल तथा मुकेश कुमार निवासी कोटद्वार रोड, निकट सब्जी मंडी, नजीबाबाद के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा की धारा 67 तथा बीएनएस की धाराओं 353 व 356 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## वन रक्षक नईम अली की पदोन्नति



नईम अली के स्टार लगते रेंजर प्रदीप शर्मा।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नगीना वन रेंज में तैनात वन रक्षक नईम अली वन दरोगा के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने उन्हें दो स्टार लगाकर पदोन्नति के लिए बधाई दी। वन दरोगा बने नईम अली को साथी वनकर्मियों व शुभचिंतकों ने बधाई दी। नईम अली जनवरी 2020 में वन विभाग में स्थाई तौर पर वन रक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे, जिन्हें सर्वप्रथम पीलीभीत टाइगर रिजर्व एरिया के पूरनपुर इलाके में तैनात किया गया था। कुछ समय बाद नईम अली का स्थानांतरण अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के लिए हुआ था और फिर अमानगढ़ से उन्हें गत वर्ष नगीना वन रेंज में नियुक्त किया गया।

## शक्तिपीठ पर हुआ गायत्री महायज्ञ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ दारानगर गंज (बिजनौर) में महामना पं. मदन मोहन मालवीय, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयन्ती और शक्तिपीठ के 2 वर्ष पूर्व में जीर्णोद्धार की स्मृति में प्रारम्भ किया गया अखण्ड दीपक की अखण्ड तथा हेतु गत वर्षों की भांति विशेष कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नियमानुसार प्रात: की आरती, तदुपरान्त उपस्थित परिजनों के द्वारा गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप और पांच कुण्डों में गायत्री महायज्ञ प्रारम्भ हुआ। पौरोहित्य कर्म पं. सोमेश्वरदत्त शर्मा के साथ सर्वश्री नरेश कुमार सैनी एवं बलबीर सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुआ। गुरु-गायत्री वन्दना के उपरान्त पं. सोमेश्वरदत्त शर्मा ने उपस्थित भाई-बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा हमारे धर्मग्रंथों में 'संघे शक्ति कलौयुगे' का सन्देश दिया गया है। बताया कि महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी ने भी सनातन (हिन्दू) धर्म भारत राष्ट्र और सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया। इसी प्रकार अटल जी भी सनातन धर्म और हिन्दी भाषा के समर्थन के लिए अपने नाम के अनुसार 'अटल' ही रहे। यज्ञ के समापन में महामृत्युंजय महामंत्र से जिले बिजनौर के सुपरिचित गायक/वादक गायत्री परिजन मा. राजकुमार सिंह के सुस्वास्थ्य सुधार हेतु याजकों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां समर्पित कीं। श्रीमती सुमन रानी अग्रवाल, राजबाला भटनागर, राखी देवी, रिया, मेघना शर्मा, संगीता देवी, कु. रश्मि, रेखा शर्मा, डा. मधु भटनागर, फूलवती आदि और सर्वश्री बलबीर सिंह, नरेशकुमार सैनी, अनुज कुमार गोयल, यशपाल सिंह प्रधान, जितेन्द्रपाल सिंह, मलखान सिंह-सिकन्दरपुर, श्याम सुन्दर शर्मा, उदयभान सिंह, हेमपाल सिंह आदि रहे।



## रेहड़ पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान



लोगों को जागरूक करती रेहड़ पुलिस।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति फेस 5 के तहत थाना रेहड़ पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहे पर ग्रामीणों एवं राहगीरों को जागरूक किया। इस दौरान एसआई सोनू कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी समस्या को छुपाएं नहीं, बल्कि स्थानीय पुलिस टीम व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स पर तुरंत सूचित करें, पुलिस हरसंभव मदद को तैयार है। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी साक्षी ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स नोट कराए और उन्हें इस संबंध पंपलेट भी वितरित किए।

# श्रद्धापूर्वक निकाली साहिबजादों की झांकी

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** सरबंशदानी गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर प्रभातफेरी में सिक्ख संगत द्वारा साहिबजादों की झांकी गुरुबाणी कीर्तन के साथ श्रद्धा से निकाली गई। गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत शब्द कीर्तन हुए। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा से प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रात: गुरुद्वारा साहिब से कार्यकारी प्रधान कमलजीत सिंह नूर ने बोलह सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष से प्रभातफेरी का शुभारम्भ किया। प्रभातफेरी में सबसे आगे जत्थेदार निशान साहिब लेकर चल रहा था। संगत गुरु गोबिंद सिंह जी की झांकी के साथ शब्द कीर्तन देह शिवा वर मोह एहे, शुभ कर्मन ते कबहुं न डरो का गायन करते हुए चल रही थी। गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर प्रभात फेरी सम्पन्न हुई। गुरुद्वारा साहिब में तीन दिवसीय श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत शब्द कीर्तन हुए। ज्ञानी जीतेन्दर सिंह ने सरबत के भले वास्ते अरदास की। कार्यक्रम में कमलजीत सिंह नूर, गुरुदयाल सिंह, अमरजीत सिंह, सतवेंदर गुजराल, हरमीत सिंह जैकी, रवि, हरजीत सिंह, प्रभजोत सिंह बादल, गुरप्रीत सिंह, शुभदीप सिंह, मांगे, पिंटू सिंह, प्रकाश सिंह, बीबी मिथलेश कौर, गुरमीत कौर, अमृत कौर, राज कौर आदि मौजूद रही।



# ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सांसद चंद्रशेखर को उनके धामपुर आवास पर गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम इकाई जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष डॉ.भानुप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सभी दैनिक समाचार-पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता दिये जाने, पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठकें कराने, मंडल मुख्यालय पर मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन कर उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करने, ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क सुविधा दिये जाने, ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन कराने तथा पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराने का आदेश निर्गत करने की मांगें शामिल हैं। इस दौरान संगठन के प्रदेश महासचिव महामंत्री संगठन डॉ. नरेशपाल सिंह, जिला अध्यक्ष डा. भानुप्रकाश वर्मा, धामपुर तहसील अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, बबलू सिंह चौहान, नसीम सैफी, पवन चौधरी, शेर सिंह चौधरी, मन्नान सैफी, अंकुर गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।



# काट डाले आम के बाग हरे भरे सरकार व प्राधिकरण कार्रवाई करे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा संघर्ष समिति ने हरे भरे आम के बागों को काटने/उजाड़ने से रोकने तथा पर्यावरण के दुश्मन बने कालोनाइजर, भू माफिया और उद्यान /वन विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही कराने हेतु ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के अध्यक्ष के नाम प्रेषित किये। ज्ञापन में कहा गया है कि कस्बा मंडावर में कई स्थानों पर आम के हरे भरे बागों को काटने वाले कॉलोनाइजर व माफिया वन और उद्यान विभाग के अधिकारियों से साठगांठ करके पर्यावरण को चौपट करने में लगे हुए हैं। पर्यावरण के इन दुश्मनों ने हाल में ही बंधन बैंक्विट हॉल के पास वाले 85 आम के पेड़ वाले बाग, दरबार शरीफ के निकट वाले बाग, पीर वाले तालाब के पास, जुगाड़ स्टैंड के पास, दयाल वाला बस स्टैंड के पास, डिग्री कॉलेज के पास सेंट पॉल के पास वाले आम के बाग कस्बे के पूरब में दरबार शरीफ के समीप हाजी छम्मन का बाग, पीर वाले तालाब के समीप पंडित वाला बाग समेत कई आम के बागों को समेत संत पोल्स स्कूल के समीप, जुगाड़ स्टैंड के समीप, कालंद्री मंदिर मार्ग, दयालवाला स्टैंड के समीप, चंदक मार्ग पर मंडावर डिग्री कॉलेज के पास, मंडावर बस स्टैंड के पास डाक्टर देव शर्मा किरतपुर रोड पर ग्राम मौर्य के लालू द्वार के सामने आदि बागों को चुन-चुन कर रातों रात काट डाला और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। जो उ.प्र. वन संरक्षण अधि.1997 की धारा 4/10 का खुला उल्लंघन और पर्यावरण संरक्षण के विरुद्ध है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया, राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश केसरिया आदि उपस्थित रहे।

# अटल पार्क ओपन जिम का लोकार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगरपालिका परिषद के वार्ड 16 के महादेवपुरम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बॉबी व नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अटल पार्क ओपन जिम का लोकार्पण नारियल फोड़कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोकार्पण के उपरांत आयोजित सभा में नेता द्वय द्वारा अटल जी के कार्यो को व विचारों पर प्रकाश डाला गया और महादेव पुरम वासियों से स्वस्थ रहने के लिए जिम लगाये गये उपकरण का प्रयोग नियमित रूप से करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र पाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश ने व संचालन अरविन्द अहलावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका ईओ ओर विकास कुमार, सभासद अमित ठाकुर, घनश्याम दास गुप्ता, अभिषेक राणा, नीरज शर्मा, आदिल, बेबी, संजय विश्नोई, चौधरी बिजेंद्र सिंह सहित महादेव पुरम के निवासी उपस्थित रहे।

# कार गड्ढे में पलटने से युवक गम्भीर घायल



**बरुकी ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम शादीपुर बस स्टैंड से बरुकी रोड पर गन्ना क्रेशर के पास एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरकर पलट गई। हादसे में कार चला रहा युवक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक नशे की हालत में कार चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही बरुकी चौकी प्रभारी सुभाष राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कांस्टेबल राहुल सिंह, नीटू चौधरी, मुनेंद्र देव तेवतिया एवं रूप किशोर ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय भिजवाया। बताया जा रहा है कि घायल युवक थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ही एक गांव का निवासी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# बाउंड्री वॉल के निर्माण में मानक की अनदेखी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आरटीआई कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत ने चांदपुर रेलवे स्टेशन पर बनाई जा रही बाउंड्री वॉल में मानक की अनदेखी कर पुरानी ईंट लगाये जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच करायें जाने की रेल मंत्री से मांग की। रेल मंत्री, डिविजनल रेलवे मैनैजर मुरादाबाद व उत्तर रेलवे मुख्यालय बड़ौत हाऊस नई दिल्ली को भेजी गई शिकायत में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि चांदपुर रेलवे स्टेशन के पूर्व में विभाग द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें मानक की अनदेखी कर पुरानी ईंट व नई दोयम ईंट तथा रेत से चिनाई व बिना तराई प्लास्टर किया जा रहा है।पत्र में शिकायत की जांच कर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

**जांच कराने की मांग**

# ट्रक की टक्कर से टूटा पोल 16 घंटे रही बिजली गोल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गन्ने स भरे ट्रक द्वारा 33 हजार वोल्ट्स क्षमता की विद्युत लाइन के पोल को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर देने से सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र से प्राप्त होने वाली विद्युतापूर्ति 16 घंटे तक ठप रही। इससे आज सुबह उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि कल शाम लगभग 7 बजे गन्ने से भरे ट्रक ने बरकातपुर मिल के सामने एक राउंड पोल में टक्कर मार दी थी। जिससे पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। रात हो जाने के कारण कल पोल को नहीं बदला जा सका था। इस कारण कल शाम 7 बजे से विद्युतापूर्ति बंद रही। विद्युतापूर्ति न होने के कारण आज सुबह उपभोक्ताओं को पानी आदि के लिये काफी परेशानी उठानी पड़ी। जेई नूतन प्रकाश की मौजूदगी में विद्युतकर्मियों ने क्षतिग्रस्त पोल को बदला और विद्युत लाइन को रिपेयर किया। इसके उपरान्त लगभग 11 बजे विद्युतापूर्ति सुचारू हो सकी।



# चाय-छोले का लंगर लगाया



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा तिसोतरा की कमेटी ने सिख धर्म के दशम गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों तथा माता गुजरी कौर की शहादत को नमन करते हुए शुक्रवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के चौराहे पर राहगीरों के लिये लंगर लगाया गया। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने राहगीरों को रोक - रोककर उन्हें भीषण ठंड में चाय पिलायी तथा साथ में छोले खिलाये। सरदार गुरमीत सिंह, स. सुनील सिंह, स. जोगेन्द्र सिंह, स. चंचल सिंह, स. मिन्टू सिंह, स. कामेन्द्र सिंह सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# चेयरमैन विजिट कार्यक्रम के दौरान, दो कन्याओं को दिया शादी का सामान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब ऑफ चांदपुर आरोही की ओर से चेयरमैन विजिट कार्यक्रम में दो लड़कियों को शादी का सामान दिया गया। शाम स्याऊ रोड स्थित क्लब अध्यक्ष नीलिमा त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इनर व्हील की डिस्ट्रिक्ट (310) की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्रीमति शालिनी गुप्ता ने शिरकत की और पिछले छह महीने में कराए गए कार्यों का लेखा-जोखा देखा। जबकि क्लब की ओर से 2 कन्याओं के विवाह हेतु सभी आवश्यक सामान दिया गया। इसके अतिरिक्त 2 छात्राओं को शिक्षा हेतु मासिक शुल्क प्रदान की गई तथा 3 महिलाओं को उनके रोजगार हेतु सिलाई मशीन दी गई और 3 परिवारों को मासिक राशन उपलब्ध कराया गया इस मौके पर क्लब अध्यक्ष नीलिमा त्यागी ने अपने विचार रखे। कोषाध्यक्ष अंशुल ने स्वागत गीत पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पर डिस्ट्रिक आईएसओ नीरू गुप्ता,क्लब अध्यक्ष नीलिमा त्यागी, क्लब की उपाध्यक्ष प्रिंसा बस्सी, सचिव पूनम सिंह, कोषाध्यक्ष अंशुल, आईएसओ रेनू जैन, क्लब संपादक हिमाद्री जैन, पूर्व क्लब अध्यक्ष भारती सिंह,ममता वैश, डॉ. लीना शर्मा, नमिता अग्रवाल, इसके अलावा क्लब के सदस्य नीलम गुप्ता, नीतू अग्रवाल, ज्योति गर्ग, शिवि अग्रवाल, पारुल मित्तल,डॉ. वर्णिका अग्रवाल और नीलम माहेश्वरी आदि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन डा वर्णिका अग्रवाल व डा विनीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

# महिला पर गलत नजर रखने पर ईंट से की गई थी सुरेंद्र की हत्या

## हत्यारोपी की पत्नी पर गलत नजर रखता था सुरेंद्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सुरेंद्र हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से हत्या में प्रयोग की गई ईंट भी बरामद कर ली। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने सुरेंद्र हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि हरिद्वार-काशीपुर हाईवे किनारे खाली पड़े प्लाट में देहरादून निवासी सुरेंद्र की सिर में ईंट मार हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी संदीप निवासी नाला पानी रोड थाना डालनवाला जनपद देहरादून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त देहरादून सचिवालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाईकर्मी के पद पर नौकरी करता था। सुरेन्द्र पुत्र मगन सिंह आरोपी गहरे दोस्त थे। उसने सुरेंद्र से 80 हजार रुपए उधार ले रखे थे। सुरेंद्र आरोपी पर पैसे वापस मांगने के दबाव व उसकी पत्नी पर गलत निगाह रखने से आरोपी मानसिक रूप से परेशान था। सुरेंद्र अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। हत्या के एक मामले में जमानत पर था। इस कारण वह उसका विरोध नहीं कर पाता था। 21 दिसंबर को नजीबाबाद जाने के बहाने आरोपी ने सुरेन्द्र की हत्या की योजना बनाई। वह देहरादून से हरिद्वार होते हुए मंडावली पहुंचा। अभियुक्त मंडावली में सुरेन्द्र से मिला, उसके बाद दोनों बाइक से निर्माणाधीन हाईवे पर खाली पड़े प्लॉट में रुके और दोनों ने शराब पी। नशे की हालत में आरोपी ने सुरेन्द्र के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने सुरेंद्र की हत्या की योजना देहरादून में बना ली थी। आरोपी हत्या का राज छुपाने की कोशिश में अपना मोबाइल रुड़की अपने भाई के पास छोड़ आया था। पुलिस जैकेट के सहारे आरोपी तक पहुंची। पुलिस के अनुसार आरोपी हत्या के समय सफेद रंग की जैकेट पर खून के छीटे आ गए थे। आरोपी खून सनी जैकेट को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। शनिवार को आरोपी खून से सनी जैकेट को तलाशने खाली प्लाट पर पहुंचा। पुलिस ने आरोपी इन्द्रेज कुमार को दबोच लिया। आरोपी की निशान देही पर हत्या में इस्तेमाल की गई ईट बरामद कर ली। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, प्रभारी सर्विलांस टीम एस आई सुनील कुमार, सौरभ सिंह, नकूल शर्मा, मीर हसन शामिल थे।



हत्याकांड का खुलासा करती पुलिस टीम व गिरफ्तार आरोपी।

## जाफिर ने कई पदक जीतकर नाम रोशन किया



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर निवासी जाफिर रहमान ने अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर केवल नाम रोशन किया है। कई पदक हासिल कर जाफिर ने स्कूल व क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। जाफिर रहमान डॉ. जाकिर के पौत्र व फैजुर्रहमान के पुत्र हैं। जाफिर सेंट मेरिस इंटर कॉलेज मंडावली के छात्र हैं, उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के वार्षिक उत्सव में भी उन्हें प्रबंधक जोस आलूकल व सिस्टर शीबा अगस्टी ने सम्मानित किया था। इस मौके पर वाजिद मकरानी, डॉ. मौहम्मद अकरम, शाहनवाज, मास्टर आरिफ आरजू, डॉ. मुजाहिद हुसैन, शमशाद आरजू, शाकिर अहमद, कसीम अहमद, अब्दुल रहमान अल्वी ने जाफिर के पिता फैजुर्रहमान व परिवार के अन्य सदस्यों को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

## विधायक हाजी तसलीम ने मृतकों के परिजनों से भेंट की



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद ने लखनऊ से लौटने के बाद कल अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राहतपुर पहुंचकर कुछ दिन पूर्व एक भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले हाजी बाबू मकरानी, एहतेशाम मकरानी व कारी सलाउद्दीन के परिवार के लोगों से मुलाकात कर इस घटना की जानकारी लेकर इस पर गहरा दुख जताया। विधायक ने दुर्घटना में मारे गये लोगों की मगफिरत व उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने की अल्लाह से दुआ की।

## वाजपेयी की जयंती पर हुई निबंध प्रतियोगिता



अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती में शामिल बच्चे व शिक्षक।

नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में जयंती कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राष्ट्रहित व समाज हितों के लिये किये गये कार्यों को विस्तार से बताते हुए उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन व कार्यों तथा उनके सुशासन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हुदस ने फर्स्ट तथा फिरदौस ने सेकंड स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को शिक्षक नेता मोबीन हसन तथा समस्त स्टाफ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शहनाज, प्रतिज्ञा, कुमुद, नजमा, शाहजहां, मदीहा तथा शीरीन आदि उपस्थित रहे।



# आईएचएमएस में देश-विदेश के शोधकर्ताओं को किया गया सम्मानित

## एजुकेशन, टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट पर हुये व्याख्यान




**कोटद्वार (चिंगारी)।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज की ओर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश विदेश के 40 शोधकर्ताओं को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। शोध कर्ताओं ने एजुकेशन, टैक्नॉलोजी एंड मैनेजमेंट विषय पर अपने व्याख्यान दिए।

बीईएल रोड स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का बतौर मुख्य अतिथि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बीईएल के महाप्रबंधक अंबरीश त्रिपाठी ने शुभारंभ किया। इस असवर पर सम्मेलन में मौजूद अतिथियों ने अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन के सोविनियर का विमोचन भी किया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में समय में टैक्नॉलोजी बहुत तेजी से बदल रही है। बाजार में टिके रहने के लिए समय के साथ बदलाव जरुरी है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में टेलर्स यूनिवर्सिटी मलेशिया से पहुंचे डॉक्टर अंशुल गर्ग ने शिक्षा में टैक्नॉलोजी और मैनेजमेंट पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एमआईटी मुरादाबाद से पहुंचे डॉक्टर क्षितिज सिंघल ने फीजिक्स का उदाहरण देते हुए शिक्षा में बदलाव से कामयाबी का उदाहरण पेश किया। कहा कि टैक्नॉलोजी के साथ आधुनिक शिक्षा समय की मांग है। लंदन से वर्चुवल माध्यम से जुड़े कॉरपोरेट जगत से इंजीनियर अशोक नौटियाल ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में गीथव और एआई नई टैक्नॉलोजी की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (रि.), प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कार्यक्रम संयोजक अनुराग सेमवाल, विभागाध्यक्ष मैनेजमेंट सुरेंद्र जगवान, विभागाध्यक्ष होटल मैनेजमेंट वीरेंद्र आर्य, प्लेसमेंट प्रभारी हर्षपाल सिंह रावत, आईक्यूएसी प्रभारी प्रवीन त्रिपाठी, ऐडमिशन हेड विजय पंत सहित सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### इनको मिला डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक्सीलेंस अवार्ड-2025

**बेस्ट पेपर प्रजेंटेशन के लिए प्रोफेसर डॉ. निर्मेश शर्मा, डॉ. उमा शेरोकंड, प्रांजल रावत, डॉ. प्रीति रानी, डॉ. राजेश कुमार, कमल पांडे, डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. रितिका मेहरा, डॉ. अरुण कुमार बनेर्जी, डॉ. कपिल चौधरी, डॉ. रजत प्रवीन डिमरी, मो. शोयब, डॉ. वसुधा शर्मा, डॉ. त्रिप्ति दीक्षित, डॉ. सुनीता डंडरियाल, डॉ. रंजना पांडेय, डॉ. प्रवीन जोशी, विकास शर्मा, गरिमा जैन गोयल, डॉ. मोहित शर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. कुमार गौरव जैन, राजीव धई, रईस अहमद, संतोष सिंह नेगी, नफीस हैदर नकवी, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, दीपा निकम चौघुले, डॉ. कमलेश कुमार दुबे, सत्य प्रताप सिंह, तनु गौड़, विनोद मैठाणी, डॉ. रमेश सिंह चौहान, डॉ. इंद्रनील बोस, डॉ. अनुराग कुशवाहा, मोहित बिष्ट और आचार्य कंदर्प उमाकांत।**

## लक्ष्मी चौहान लखनऊ में सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पंजीकृत पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन प्रिंटमीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ट्रस्ट के तत्वावधान व सूचना एवं प्रसारण विभाग लखनऊ के सहयोग से लखनऊ में भारत रत्न अटल सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। समारोह में देश-विदेश और प्रदेश में सराहनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों, साहित्यकारों तथा कवियों- कवियत्रियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान उत्तराखंड की कवयित्री व शिक्षिका लक्ष्मी चौहान को एसोसिएशन की ओर से भारत रत्न अटल सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल अजीज सिद्दीकी और उपाध्यक्ष डॉ. रीमा सिन्हा द्वारा दिया गया। उन्हें यह सम्मान हिंदी भाषा में लेखन और हिन्दी साहित्य के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने पर दिया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रिंट मीडिया एसोसिएशन ने उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## उत्तराखण्ड क्रांति दल का किया सांगठनिक विस्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड क्रांति दल सांगठनिक जनपद कोटद्वार अध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल ने दल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए लैंसडाउन विधान सभा में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी विस्तार के अंतर्गत मुकेश रावत को जहरीखाल ब्लॉक अध्यक्ष, धनवीर सिंह को द्वारीखाल ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदीप जदली को फरसुला न्याय पंचायत अध्यक्ष व राहुल रावत को यमकेश्वर विधानसभा अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया है। कहा कि पार्टी जनमुद्दों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी।

## अब घमंडपुर का नाम होगा 'अटल नगर'

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी की ओर से गुरूवार देर शाम को वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड के एक मोहल्ले का नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर 'अटल नगर' रखने संबंधी बोर्ड लगाया गया। इस अवसर पर पार्षद ने कहा कि नगर निगम की संस्तुति के बाद ही मोहल्ले का नया नाम रखा गया है। कहा कि भाजपा की ओर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर इस तरह के कार्य किये जा रहे हैं। कहा कि यह बोर्ड आमजन को पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्शों की याद दिलाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रशांत बछवाण, संजीव चंद्र, विवेक भारत व धीरेंद्र पटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहने वाले बीईएल कर्मचारी संघ के महासचिव प्रदीप बडोला ने अपना 58वां जन्मदिन सादगी से दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बच्चों को मिष्ठान वितरण और उपहार भी दिये। साथ ही दिन का भोजन भी बच्चों के साथ ही कर खुशियां बांटी। इसके अलावा उन्होंने सरकारी अस्पताल में 18वीं बार रक्त दान भी किया। बीपीएल कोटद्वार में कार्यरत कर्मचारी संघ के नेता श्री बडोला ने ब्लड बैंक में जाकर 18वीं बार रक्त प्रदान किया। उसके पश्चात झंडीचौड स्थित दिव्यांग बच्चों के श्री आदि शंकराचार्य विद्यालय पहुंचे और दिव्यांग बच्चों को भोजन व मिष्ठान आदि से तृप्त कर अपना जन्मदिन मनाया।

## अंकिता हत्याकाण्ड में भाजपा नेता का नाम सामने आया कार्यवाही न होने पर इंकाइयों ने पुतला जलाया

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अंकिता भण्डारी हत्याकांड में भाजपा विधायक सुरेश राठौर की पत्नी उर्मिला के कथित बयानों में वीआईपी के नाम पर गट्टू उर्फ़ भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का नाम लेने के दो दिन बीतने के बाद भी सरकार की ओर से कोई कार्यवाही ना होने पर कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार व दुष्यंत गौतम का रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के बाहर पुतला दहन किया। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला, कांग्रेस नेत्री मधु जोशी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी के रूप में भाजपा के बड़े नेता दुष्यंत कुमार गौतम का नाम उजागर होने के बाद भी भाजपा सरकार चुप्पी साधे बैठी है, जिससे इस प्रकरण में कहीं ना कहीं भाजपा सरकार की मिली भगत की सम्भावना है। सरकार के अंदर नेता इसमें सम्मिलित नहीं है, तो सरकार झूठे बयान देने वाले पर कार्यवाही करे नहीं तो जिनके खिलाफ बयान आया है उनको भी दोषी बनाकर कार्यवाही करें अंकिता भंडारी हत्याकांड कोई सामान्य अपराध नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में हुआ एक जघन्य अपराध है, जिसमें प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया गया। भाजपा सरकार शुरू से ही इस मामले में सच को दबाने और दोषियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है जिसको कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत, नगर निगम पार्षद सरोजनी थपलियाल ने कहा कि यह लड़ाई केवल अंकिता के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश की हर बेटी के सम्मान और सुरक्षा की है। यदि दोषियों को सख्त से सख्त सजा नहीं दी गई तो यह सरकार बेटियों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल मानी जाएगी। मौके पर प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा, बैसाख सिंह पयाल, ब्लॉक अध्यक्ष श्यामपुर विजयपाल रावत,ललित मोहन मिश्र,प्यारेलाल जुगरान,मनोज गुसाईं, पार्षद भगवान सिंह पंवार, ऋषि सिंघल, मनीष जाटव, कमलेश शर्मा, मधु जोशी, सुमित चौहान, सुभाष जखमोला, अशोक शर्मा, गौरव यादव (गोल्डी), सौरभ वर्मा, भूपेंद्र राणा, बप्पी अधिकारी, राजेश शाह, विशाल स्नेह, विजय कुमार, सरदार अमृत सिंह, आदित्य झा, संजय शर्मा, आदि मौजूद थे।



## दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने सृष्टि हुई नेपाल रवाना

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बालासौड़ निवासी व क्षेत्र के एक स्कूल में अध्ययनरत कुमारी सृष्टि के इंडो-नेपाल एथलेटिक्स के अंतर्गत 10 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु नेपाल प्रस्थान के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गेप्स समिति के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल एवं मनमोहन काला ने सृष्टि का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सृष्टि की प्रतियोगिता में विजयश्री की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि वह अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कोटद्वार एवं उत्तराखंड का नाम रोशन करेगी। कार्यक्रम में अनुराग कंडवाल, ऋषभ बुड़ाकोटी, बबिता देवी, कुंवर पाल सिंह, हरीश कुमार, मनमोहन सिंह और जगत सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पुराने गानों की अनमोल शाम चार जनवरी को

**कोटद्वार (चिंगारी)।** सन्देश, कला व सांस्कृतिक संस्था के स्थापना दिवस पर चार जनवरी को संस्था की ओर से नगर निगम के अंतर्गत मालवीय उद्यान में पुराने गानों की अनमोल शाम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष व लोकगायक संजय सिंह रावत ने बताया कि इस दौरान सदाबहार भूले-बिसरे गानों सहित गढ़वाली भजन व जागरो की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# माघ मेला 2026 में प्रमुख स्नान पर्वों पर वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा- मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी भी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि माघ मेले से जुड़े सभी विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी तथा अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था स्वयं मेला क्षेत्र में जाकर तैयारियों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर तक सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं। बैठक में बताया गया कि माघ मेला 2026 का आयोजन 3 जनवरी से 15 फरवरी तक कुल 44 दिनों तक होगा। इस दौरान पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे। पूरे मेला काल में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जबकि मौनी अमावस्या के दिन साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान की संभावना को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस वर्ष मेला क्षेत्र का विस्तार बढ़ाकर लगभग 800 हेक्टेयर किया गया है। सेक्टरों की संख्या 5 से बढ़ाकर 7 कर दी गई है और स्नान घाटों की लंबाई में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।


सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
- बाल रोग
- स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
- त्वचा रोग
- बालों की समस्या
- थाईराइड
- हाई बी.पी.
- मधुमेह
- गुर्दे की पथरी
- जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
- साइटिका
- साइनसाइटिस (साइनस)
- दमा
- टाइफाइड, पीलिया
- कब्ज, गैस बनना, बवासीर
- अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज



परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349


## आवश्यक सूचना



हल्दौर के वरिष्ठ समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 4 जनवरी दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के ऑपरेशन के लिये अपने साथ ले जाएंगें। मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 4 जनवरी से पूर्व प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं। आवश्यक जानकारी के लिये निम्न नंबरों पर संपर्क करें।

9997221503, 8006330320


## तुरन्त आवश्यकता

चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-
सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784


## शादी के बहाने महिलाओं का शोषण करने वाली बढ़ती प्रवृत्तियों को कुचलना जरूरी- हाईकोर्ट

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शादी के बहाने महिलाओं का शोषण करने वाली बढ़ती सामाजिक प्रवृत्तियों को शुरुआत में ही कुचलना आवश्यक है। इस टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने शादी का झूठा वादा कर एक महिला के साथ पांच वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी प्रशांत पाल की अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने दिया है। औरैया जिले के थाना औरैया में आरोपी प्रशांत पाल के खिलाफ शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के आरोप में एक युवती ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दायर की है। आरोपी के वकील ने दलील दी कि दोनों के बीच संबंध आपसी सहमति से थे और पीड़िता बालिग है। दोनों 2020 से साथ रह रहे थे और आवेदक ने कभी शादी का वादा नहीं किया था। अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि आरोपी ने पांच साल तक पीड़िता का शोषण किया। अश्लील वीडियो के आधार पर पीड़िता को धमकाने का भी आरोप है। ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*
₹10 000 On Credit Card ₹10 000 Cash benefits



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911